www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 333 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
28 फरवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 06:32
सूर्यास्तः 06:06
अधिकतमः 31:00
न्यूनतमः 17:00



पेज 07

विशेष समाचार | इजरायल में मोदी, जापान में ... >> पेज 04 | मुरादाबाद में छत के रास्ते ... >> पेज 06 | रिंकू सिंह के पिता का निधन...

## दिल्ली शराब नीति केस : केजरीवाल बोले- मोदी-शाह ने साजिश रची

# केजरीवाल बाइज्जत बरी

**राहत**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े CBI केस में बरी होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (AAP) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पूर्व CM ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा। वे AAP को हरा नहीं पाए तो खत्म करने जुट गए।

केजरीवाल ने कहा- आज मेरे दिल से बड़ा बोझ उतर गया है। मोदी-शाह ने हमारे खिलाफ इतने केस बनाए। हमारे पीछे ED, CBI, पुलिस छोड़ी।

>> (शेष पेज 06 पर)



फैसला आने के बाद केजरीवाल कोर्ट के बाहर मीडिया से बात करते हुए रोने लगे। मनीष सिसोदिया ने उन्हें ढाढस बंधाया।

पूर्व सीएम ने कहा- भाजपा ने पिछले 4 साल 'शराब घोटाला' शब्द का खूब इस्तेमाल किया। आज के समय में जब सारी संस्थाओं, अथॉरिटीज को धमकाया का जा रहा है तब कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया है। इतना बड़ा न्याय करने के लिए जज साहब ने वाकई बहुत हिम्मत दिखाई है। ज्यूडिशियरी और जज का बहुत धन्यवाद।

### केजरीवाल बोले- ट्रम्प के सामने मोदी जी भीगी बिल्ली बन गए हैं

केजरीवाल ने कहा- आज देश का व्यापारी, उद्योगपति, किसान, युवा दुखी है। ट्रम्प रोज मोदी जी को गाली देते हैं। PM मोदी उनसे कुछ नहीं कह सकते हैं। मोदी जी भीगी बिल्ली बन गए हैं। केजरीवाल ने कहा- जब कोई सबूत नहीं है तो ऊपर की कोर्ट में भी CBI कहां से सबूत लगागी। कोर्ट ने हमें डिस्चार्ज किया, क्योंकि कोई केस बनता ही नहीं है। ED का मामला भी खत्म हो गया है। हम अगले हफ्ते एप्लीकेशन डालेंगे। केजरीवाल ने कांग्रेस की भी आलोचना की। उन्होंने कहा- कांग्रेसियों को शर्म नहीं आती, उनका कोई भी जेल में नहीं गया।

### केजरीवाल बोले- मैंने जिंदगी में सिर्फ इज्जत और ईमानदारी कमाई

केजरीवाल ने कहा- मैंने जिंदगी में इज्जत और ईमानदारी कमाई है। एक पैसा नहीं कमाया, ये लोग उसी पर चोट करना चाहते थे। इसलिए षड्यंत्र रचा। कोर्ट में आज साफ हुआ केजरीवाल, सिसोदिया, संजय सिंह और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदारी हैं। पूर्व CM ने कहा- कई लोग कहते हैं कि जेल से आने के बाद केजरीवाल क्यों चुप हो गया।

>> (शेष पेज 06 पर)


### केजरीवाल-सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपी बरी

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े CBI केस में शुक्रवार सुबह केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने CBI को भी कड़ी फटकार लगाई।

कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी की चार्जशीट में कई ऐसी खामियां हैं जिनका किसी गवाह या बयान से कोई लेना-देना नहीं है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने कहा कि केजरीवाल को बिना किसी ठोस सबूत के फंसाया गया है।

कोर्ट ने सिसोदिया और अन्य आरोपियों को आरोपमुक्त करते हुए कहा कि CBI आरोप साबित करने में विफल रही है। हजारों पन्नों की चार्जशीट में ऐसी चीजें हैं जो किसी भी गवाह के बयान का समर्थन नहीं करती। जज ने कहा कि चार्जशीट में भ्रामक बयान हैं।

### सीबीआई केस में सभी बरी



1 अरविंद केजरीवाल
2 मनीष सिसोदिया
3 के. कविता
4 विजय नायर
5 सरथ रेड्डी
6 राजेश जोशी

7 कुलदीप सिंह
8 दामोदर प्रसाद शर्मा
9 नरेंद्र सिंह
10 प्रिंस कुमार
11 अभिषेक बोइनपल्ली
12 अरविंद कुमार सिंह
13 अरुण पिल्लई
14 चनप्रीत सिंह
15 मूथा गौतम
16 दुर्गेश पाठक
17 समीर महेंद्रू
18 अमनदीप सिंह ढल्ल
19 अमित अरोड़ा
20 अर्जुन पांडे
21 विनोद चौहान
22 बुचीबाबू गोरांटला
23 आशीष चंद माथुर

### केजरीवाल बोले- चुनाव कराओ, बीजेपी को 10 से ज्यादा सीटें नहीं आएंगी

केजरीवाल ने कहा- AAP सरकार ने दिल्ली में 500 स्कूल बनाए, 200 सड़के बनाईं। आप (भाजपा) 5000 स्कूल बनाओ, 2 हजार सड़कें बनाओ। इसके बाद AAP को कोई नहीं पूछेगा। यमुना का बुरा हाल है, स्कूलों की हालत खराब हैं, सड़के खराब हैं, मोहल्ला क्लिनिक खराब हैं। पूर्व CM ने कहा- इस षडयंत्र के कारण मेरे परिवार को बहुत परेशानी हुई। मेरी मां अस्पताल गईं, वो बहुत रोईं। >> (शेष पेज 06 पर)

### केरल चुनाव 2026, अबकी बार गठबंधन नहीं

तिरुवनंतपुरम । केरल विधानसभा चुनाव महज दो-तीन महीने दूर है। लोगों ने चर्चा है कि क्या पिनराई विजयन के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा (LDF ) तीसरी बार सत्ता में लौटकर इतिहास रचेगा या कांग्रेस नीत यूडीएफ को नेतृत्व की स्पष्टता और जमीनी सक्रियता का फायदा मिलेगा? नगर निकाय चुनाव में कई शहरी वार्डों में वोट शेयर बढ़ाने वाली भाजपा क्या असर डालेगी?

# बंगाल के कई जिलों में भूकंप

## तेज झटके महसूस हुए, इमारतें हिलीं, लोग सड़कों पर निकले

**दहशत**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । कोलकाता और पश्चिम बंगाल के आसपास के जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.22 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। कोलकाता में लगभग 10 सेकंड तक झटके महसूस हुए, जिससे लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के सतखीरा जिले में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। >> (शेष पेज 06 पर)



**5.5** भूकंप की तीव्रता दर्ज की गई

## अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित, सरकारी वकील की दलील- वे बहुत ताकतवर

# शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की रोक

शिकायकर्ता आशुतोष महाराज ने कहा, हमें पूर्ण विश्वास है की धर्म की विजय होगी ओर पीड़ित पक्ष को न्याय मिलेगा।

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी/प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न केस में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा ने अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत में शंकराचार्य का पक्ष वकील पीएन मिश्रा ने रखा, जबकि राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल पेश हुए। शिकायकर्ता आशुतोष महाराज की वकील रीना सिंह ने भी दलीलें रखीं। अब मार्च के तीसरे हफ्ते में केस की सुनवाई होगी।

>> (शेष पेज 06 पर)





शंकराचार्य ने बटुकों के यौन उत्पीड़न मामले में 24 फरवरी को अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी। गिरफ्तारी पर रोक लगने से शंकराचार्य के मठ में जश्न का माहौल है।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य के खिलाफ दर्ज है पॉक्सो का केस

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्व-रानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के अलावा 2-3 अज्ञात लोगों पर बाल यौन शोषण के आरोपों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इलाहाबाद जिला न्यायालय की पॉक्सो कोर्ट के आदेश पर झूंसी थाने में केस दर्ज किया गया। यह आदेश पॉक्सो कोर्ट के पॉक्सो कोर्ट के अपर जिला जज विनोद कुमार चौरसिया के आदेश पर दर्ज किया गया है। >> (शेष पेज 06 पर)

### शंकराचार्य बोले- झूठी कहानी अदालत में ध्वस्त हो गई

शंकराचार्य ने बताया- वकील पीएन मिश्रा से बात हुई है। उन्होंने बताया कि न्यायालय में हम लोगों ने आपका पक्ष रखा। विस्तार से न्यायालय में चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने अपनी अपनी दलील रखी। न्यायालय ने ये कहा, हम फैसला रिजर्व कर रहे हैं। साथ ही जो गिरफ्तारी की कार्रवाई को रोक दिया है। शंकराचार्य ने कहा- वहां पर जो दलील रखी, वह इस बात पर थी कि मुकदमा झूठा बनाया गया है। जज को हमारी रखी बात में बल दिखाई दिया। तभी तो उन्होंने एक निर्देश दिया है। इसलिए हम शुरुआत से कह रहे थे। हम लोगों ने अपनी बात जो सही थी, वह रखी। और आप देखिए न्यायाधीश ने जो एक आदेश पारित किया है। >> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### 5 कुत्तों ने बच्चे को नोच-नोचकर मार डाला

जालंधर । जालंधर में 5 कुत्तों के झुंड ने 6 साल के बच्चे को नोच-नोचकर मार डाला। वह अपनी मां के साथ खेत पर पिता को खाना देने गया था। जहां बच्चा शौच के लिए खेत में चला गया। इसी दौरान आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और उस पर हमला कर दिया।

आदेश | विवाद

### एनसीईआरटी की एडवाइजरी, आठवीं की बैन पुस्तक है तो लौटाएं

नई दिल्ली। NCERT ने शुक्रवार को एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'Exploring Society: India and Beyond - Part 2' जिन व्यक्तियों या संगठनों के पास है वे इस किताब को तुरंत लौटाएं।

इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की जिस किताब में "न्यायपालिका में भ्रष्टाचार" वाला अध्याय था और जिस पर रोक लगा दी गई है, उसकी सभी प्रतियां वापस NCERT मुख्यालय में जमा कराई जाएं।

### एआई के कारण एंट्री लेवल जॉब खतरे में

नई दिल्ली । आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अब सिर्फ तकनीक नहीं, यह दुनिया के कारोबार, नौकरियों और समाज को बुनियादी रूप से बदल रहा है। बीसीजी-मोलोको की रिपोर्ट बताती है कि न्यूज, ट्रेवल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के लिए एआई सबसे बड़ी चुनौती है, क्योंकि चैटजीपीटी जैसे टूल्स अब सीधे ग्राहक और ब्रांड के बीच आ गए हैं।

# यूपी में होली की 3 दिन की छुट्टी

## संडे मिलाकर 4 दिन लगातार अवकाश, त्योहार से पहले सभी को मिलेगी सैलरी

**आदेश**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी में 17 लाख कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश में होली में 3 दिन का अवकाश रहेगा। योगी सरकार ने शुक्रवार को इसके आदेश जारी किए। सरकार ने 2, 3 और 4 मार्च यानी सोमवार, मंगलवार और बुधवार की छुट्टी का ऐलान किया है। जबकि 1 मार्च को रविवार है। यानी रविवार से बुधवार तक एक साथ 4 दिन की छुट्टी मिलेगी।

28 फरवरी यानी शनिवार को कार्यदिवस घोषित किया है। यानी, इस दिन सभी विभाग खुले रहेंगे और उनमें काम होगा। आखिरी शनिवार यानी 28 फरवरी के बदले सरकार ने 2 मार्च का अवकाश दिया है। योगी ने अफसरों को आदेश दिया कि प्रदेश के सभी कर्मचारियों को होली से पहले हर हाल में सैलरी/मानदेय दिया जाए। इनमें आउटसोर्सिंग, संविदाकर्मी, सफाईकर्मी भी शामिल हैं। दरअसल, सीएम योगी सिंगापुर और जापान के विदेश दौरे पर गए थे। गुरुवार देर रात ही वह वापस लौटे। इसके बाद उन्होंने यह आदेश जारी किए।

>> (शेष पेज 06 पर)



सीएम ने चेतावनी दी है कि भुगतान और अवकाश संबंधी आदेशों के पालन में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कर्मचारियों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी।

### पेंशनरों को भी होली से पहले मिलेगी पेंशन

सिर्फ राज्य कर्मचारी नहीं, बल्कि पेंशनरों को भी पेंशन 28 फरवरी तक जारी हो जाएगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी डीएम को आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि होली की छुट्टियों को देखते हुए पेंशन फरवरी माह के आखिरी दिन तक पूरी कर लिया जाए।

यूपी सरकार ने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा से जुड़े विद्यालयों और कार्यालयों में पहले ही त्योहार से पहले वेतन/ मानदेय भुगतान के आदेश दिए हैं। इस संबंध में बुधवार को स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी की ओर से भी आदेश कर दिया गया।

# इजराइल के लिए प्यार मोदी की विचारधारा में है : ओवैसी

**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी

विजयवाड़ा । ऑल इंडिया म ज लिस - ए - इ त्तेह द ुल मुस्लिमीन(AIMIM) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पीएम मोदी का इजराइल के लिए प्यार उनकी विचारधारा से जुड़ा है।

हैदराबाद में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में ओवैसी ने कहा कि मोदी को अपने भाषण में इजराइली आतंकवाद के बारे में भी बोलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि AIMIM ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ हमेशा बोला है। दरअसल, मोदी 25 फरवरी को अपने 2 दिन के दौर पर इजराइल पहुंचे थे। पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। ओवैसी की ये टिप्पणी इसी दौरे को लेकर आई। >> (शेष पेज 06 पर)

### हमने हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ बोला, आपको इजराइली आतंकवाद पर बोलना चाहिए था



### हिमंता बिस्व सरमा पर कहा- सरमा बिदली के फायदे के लिए देश को कमजोर करेंगे

असम के चीफ मिनिस्टर हिमंता बिस्व सरमा पर मुस्लिम ऑटो ड्राइवरों के लिए कम किराए का सुझाव देने वाली टिप्पणी पर भी ओवेसी ने निशाना साधा। ओवैसी ने पूछा कि क्या सरमा बिजली के फायदे के लिए देश को कमजोर करेंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

## कटाक्ष : समाजवादी पार्टी इन्टलेक्चुअल फोरम की बैठक में भाजपा सरकार पर तीखा हमला

# भाजपा राजनीतिक दल नहीं, गैंग की तरह काम कर रही है : अखिलेश यादव

बुद्धिजीवियों ने अखिलेश यादव के नेतृत्व में जताया विश्वास

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि गैंग की तरह काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की राजनीति चालाकी, साम्प्रदायिकता और नफरत पर आधारित है तथा उसने सत्ता का दुरुपयोग करने के अलावा कोई सकारात्मक कार्य नहीं किया है। शुक्रवार को लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में आयोजित समाजवादी पार्टी इन्टलेक्चुअल फोरम की बैठक को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के कारण देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो रही है और नई पीढ़ी को अंधेरे की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील समाज में पाखंड और अंधविश्वास का कोई स्थान नहीं है, लेकिन वर्तमान सरकार में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की स्थिति चिंताजनक हो गई है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### शिक्षा, रोजगार और महंगाई को लेकर सरकार पर सवाल

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दस वर्षों का परिणाम शून्य रहा है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा के नाम पर लूट मची है और भ्रष्टाचार अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सरकार अब विदाई के दौर में है और हाल में किए जा रहे एमओयू का भविष्य भी अनिश्चित है।



### विदेशियों को बाजार सौंपने का आरोप

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा की नीतियों को भ्रामक बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने देश के बाजार को विदेशी कंपनियों के लिए खोल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की जमीन और बाजार पर विदेशियों की नजर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना आवश्यक है ताकि समाज को साम्प्रदायिकता और सामाजिक बुराइयों से मुक्त किया जा सके।

उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा ही देश को प्रगतिशील, सकारात्मक और सामाजिक न्याय की दिशा में आगे ले जा सकती है और डॉ. राममनोहर लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

# बालोतरा में ट्रेलर से टकराई स्लीपर बस 6 लोगों की मौत

## दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

बालोतरा । बालोतरा जिले के सरवड़ी गांव में नेशनल हाईवे-25 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। स्लीपर बस ओवरटेक के दौरान सामने से आए ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौक पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में ज्यादातर सवारियां जालोर और सांचौर की थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का ड्राइवर साइड की तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में से शव लटके नजर आए। 3 और 6 साल के दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हादसे में सांचौर निवासी अनुषा (22) पुत्री भगवाना राम दाता और जोधपुर में वाणिज्य कर विभाग में एलडीसी के पद पर तैनात नरपत (30) पुत्र सदराम की भी मौत हो गई। दोनों होली की छुट्टी पर गांव आ रहे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)



ओवरटेक करते समय सामने से आए ट्रेलर से टकराई बस

## सीएम के साथ जापान भी गए थे ■ सलाहकार के रूप में चौथी बार एक्सटेंशन

# योगी ने पूर्व आईएएस अवनीश अवस्थी का कार्यकाल बढ़ाया

**आदेश**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ा दिया गया है। अब वह 28 फरवरी 2027 तक मुख्यमंत्री के सलाहकार बने रहेंगे। इस संबंध में शासन ने आदेश जारी किया गया है।

रिटायर्ड आईएएस अवस्थी, मुख्यमंत्री योगी के करीबी अधिकारियों में गिने जाते रहे हैं। यूपी के अपर मुख्य सचिव पद से फरवरी 2022 में रिटायर होने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया था। इसके बाद लगातार चौथी बार उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री के चार दिवसीय सिंगापुर और जापान दौरे पर भी वह उनके साथ रहे। शुक्रवार भोर में मुख्यमंत्री लखनऊ लौटे हैं।


अवनीश अवस्थी

अवनीश अवस्थी ने उत्तर प्रदेश में सबसे लंबे समय तक गृह विभाग संभाला। 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद उन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस बुलाया गया। उन्होंने सूचना विभाग, गृह विभाग और यूपीडा (UPEIDA) के सीईओ के रूप में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं को गति देने में अहम भूमिका निभाई। गंगा एक्सप्रेसवे भी अब लगभग तैयार हो चुका है। कोरोना काल के दौरान ऑक्सीजन प्रबंधन और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने में भी उनकी विशेष भूमिका रही, जिसे काफी सराहा गया।

### नई चुनौतियां और आगामी लक्ष्यों पर नजर

चौथी बार सेवा विस्तार मिलने के साथ अब अवनीश अवस्थी के कंधों पर उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य धरातल पर उतारने की बड़ी जिम्मेदारी है। विशेष रूप से सिंगापुर और जापान के दौरों से आए ढाई लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर लागू करना और औद्योगिक गलियारों को विकसित करना उनकी प्राथमिकता होगी।


■ जापान में बिजनेस मीटिंग्स के दौरान जापान एक्सटर्नल ट्रेड आर्गेनाइजेशन के सीईओ इशिगुरो नोरिहिको ने सीएम को सम्मानित किया। अवनीश अवस्थी भी सीएम के साथ मौजूद रहे।

### अपर मुख्य सचिव के पद से रिटायर होते ही बने सीएम के सलाहकार

1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी 31 अगस्त 2022 को उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें अपना सलाहकार नियुक्त किया था। इसके लिए प्रशासन ने एक अस्थाई 'निःसंवर्गीय पद' का सृजन किया। पहली बार उन्हें फरवरी 2023 तक नियुक्त किया गया था, इसके बाद इसे बढ़ाकर फरवरी 2024 किया गया। फिर फरवरी 2025 और फरवरी 2026 तक सेवा विस्तार मिला। अब चौथी बार उन्हें फरवरी 2027 तक सेवा विस्तार मिला है।

# लाल बारादरी को लेकर बवाल मामले में एफआईआर

## लखनऊ विश्वविद्यालय ने कुलसचिव की शिकायत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित लाल बारादरी के पास फेंसिंग काम के दौरान हुए हंगामे के मामले में अब विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने थाना हसनगंज में एफआईआर दर्ज करवाई है। उन्होंने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

बताया गया कि 22 फरवरी को लाल बारादरी के चारों ओर फेंसिंग का काम कराया जा रहा था। इसी दौरान कुछ छात्र-छात्राएं और बाहरी अराजकतत्व मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने काम में बाधा डाली। तोड़फोड़ की और परिसर में अव्यवस्था फैलाई।

प्रशासन का यह भी कहना है कि लाल बारादरी के पास सार्वजनिक स्थल पर नमाज अदा की गई और इफ्तार किया गया, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।



■ फेंसिंग के दौरान हुआ था हंगामा
■ पहले ही जताई थी आशंका

कुलसचिव ने एक दिन पहले ही पुलिस को पत्र लिखकर फेंसिंग कार्य के दौरान किसी अप्रिय घटना की आशंका जताई थी और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की थी। घटना के बाद उन्होंने सीधे एफआईआर दर्ज कराते हुए उपद्रव में शामिल लोगों को चिन्हित कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**फास्ट न्यूज**

### एलयू में चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर छात्रों का नमन

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय में NSUI से जुड़े छात्रों ने चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा की साफ सफाई की। इस दौरान NSUI के छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर अमर शहीद की शहादत को भूलने का आरोप लगाया। शुक्रवार को NSUI के पदाधिकारी कैंपस स्थिति चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

### लखनऊ से होली पर 12 स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

लखनऊ । होली के त्योहार को देखते हुए पूर्वांचल और बिहार जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। दिल्ली, पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों से लाखों लोग लखनऊ, बाराबंकी और आसपास के जिलों के रास्ते अपने घर लौटते हैं।

ऐसे में रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 12 होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। ये ट्रेनें बाराबंकी और बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर ठहराव लेंगी, जिससे स्थानीय यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे भीड़ से बचने के लिए समय रहते ऑनलाइन आरक्षण करा लें।

### लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर अब मार्च में खुलेगा

लखनऊ । लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा तैयार किए गए ग्रीन कॉरिडोर के सेकेंड फेज का काम लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन इसके उद्घाटन को लेकर एक बार फिर तारीख टल गई है। अब शहरवासियों को नई लाइफलाइन माने जा रहे इस कॉरिडोर के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

# किसानों ने पुतले का हसिए से काटा गला

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयवाद ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। किसान हाथों में डंडा-झंडा और हसिया लेकर पहुंचे । प्रदर्शन में शामिल महिला और पुरुष किसानों नारा लगाया 'जो ना माने झंडे से उसे समझाओ डंडे से'।

नाराज किसानों ने एलडीए के पुतले पर चोर लिखा। उसके बाद उसकी डंडों से पिटाई की। हसिया से काटा। किसान अपनी मांगों को लेकर एलडीए के मुख्य द्वार पर दरी बिछाकर बैठ गए हैं।

किसान नेता अशोक यादव ने कहा किसानों को सिर्फ गुमराह किया जा रहा है। 40 वर्ष पूर्व 1984 में हमारी जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अधिकृत कर ली थी। उस समय 84 पैसे के हिसाब से मुआवजा तय हुआ। हम लोगों ने फिर वार्ता किया, तो मुआवजा 2.5 रुपए हुआ। कुछ लोग कोर्ट चले गए इसके बाद 4 रुपये 60 पैसे दर के हिसाब से तय हुआ। 2016 में अंतिम मोहर'कोर्ट के द्वारा लगी की 4.60 पैसे सभी किसानों को दिया जाए, लेकिन LDA कह रहा है कि हमारे पास पर्याप्त धनराशि नहीं है, इसलिए हम मुआवजा नहीं दे पाएंगे।



■ बोले- लखनऊ विकास प्राधिकरण चोर है, 40 साल से गुमराह कर रहा

# 1000 करोड़ का ठग दुबई से गिरफ्तार

## ईडी शाइन सिटी के प्रमोटर को लखनऊ लाएगी, यूपी में दर्ज हैं 554 एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । शाइन सिटी ग्रुप के प्रमोटर और 1000 करोड़ के ठग राशिद नसीम को दुबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम उसे लखनऊ लेकर आएगी। 10 महीने पहले लखनऊ की विशेष अदालत ने राशिद को भगोड़ा घोषित किया था। राशिद नसीम और उसकी कंपनियों के खिलाफ पुलिस करीब 554 एफआईआर दर्ज कर चुकी है। आरोप है कि निवेश के नाम पर उसने लोगों से 800 से 1000 करोड़ रुपए की ठगी की है। लुभावने रिटर्न का वादा कर लोगों से पैसा वसूला गया और फिर 2019 में राशिद नसीम देश छोड़कर दुबई फरार हो गया था। दुबई पुलिस ने ईडी और आर्थिक अपराध शाखा (EOW) के अनुरोध पर ये कार्रवाई की है। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय एजेंसियों के कॉर्डिनेशन से राशिद को पकड़ा गया है। लंबे समय से उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही थी।



### 1000 करोड़ की प्रॉपर्टी पहले ही जब्त

सरकारी एजेंसियों ने राशिद और उससे जुड़ी कंपनियों की सैकड़ों करोड़ की संपत्तियां जब्त की हैं। 2021 में जारी एक ऑडियो में राशिद ने खुद दावा किया था कि सरकार उसकी करीब 500 करोड़ रुपए की संपत्ति कब्जे में ले चुकी है, जिसकी मौजूदा कीमत लगभग 1000 करोड़ रुपए बताई जाती है। उस ऑडियो में यह भी कहा गया था कि करीब 300 करोड़ रुपए किसानों और ब्रोकरों के बीच फंसे हैं। जमीन दिलाने वाले कुछ दलालों के फरार होने और रजिस्ट्री विवादों के कारण कंपनी कानूनी उलझनों में फंसी हुई है। हालांकि जांच एजेंसियां इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि कर रही हैं।


■ यह तस्वीर राशिद नसीम (सोफे पर बैठे) की है। दुबई पुलिस ने ठगी के आरोप में उसे गिरफ्तार किया है।

### दुबई से ऑपरेट होता था सिंडिकेट

जांच एजेंसियों का दावा है कि दुबई में बैठकर राशिद पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था। बताया जा रहा है कि उसने वहां बड़ा निवेश किया और भारत में अपने सहयोगियों के जरिए गतिविधियां जारी रखीं। 2018 में नेपाल में गिरफ्तारी और जमानत के बाद वह दुबई पहुंचा था।

कई वर्षों तक गिरफ्तारी से बचते रहने के कारण उसके अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की भी जांच की जा रही है। एजेंसियां यह भी खंगाल रही हैं कि ठगी की रकम किस-किस चैनल से विदेश भेजी गई।

### भाई पहले ही गिरफ्तार


राशिद और उसके भाई आसिफ पर गृह विभाग की ओर से 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इससे पहले इन पर 50-50 हजार रुपए का इनाम था। कंपनी से जुड़े अन्य पांच आरोपियों पर भी एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आसिफ को पहले ही प्रयागराज से गिरफ्तार किया जा चुका है। कोर्ट के आदेश पर ईओडब्ल्यू और ईडी दोनों एजेंसियां जांच आगे बढ़ा रही हैं। अब राशिद की गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ में बड़े वित्तीय नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है।

## लखनऊ एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को चुनौती, 9 मार्च को राज्य सरकार रखेगी पक्ष

# हाईकोर्ट में राहुल गांधी खिलाफ ढाई घंटे सुनवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ हाईकोर्ट में राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता से जुड़े एक मामले में याचिका दायर की गई है। कर्नाटक के याचिकाकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता की ओर से लगभग ढाई घंटे तक पक्ष रखा गया। हाईकोर्ट से सरकारी पक्ष की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। अदालत ने सरकार को अपना पक्ष रखने का अवसर देते हुए अगली सुनवाई 9 मार्च को निर्धारित की है। लखनऊ की एमपी-एमएलए अदालत ने 28 जनवरी 2026 को राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश नागरिकता से जुड़े आरोपों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग खारिज कर दी थी।


■ याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने स्वयं अदालत में अपना पक्ष रखा था।

### गृह मंत्रालय-हाईकोर्ट में रखे साक्ष्य

इस पूरे प्रकरण से जुड़े साक्ष्य पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय और इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष भी प्रस्तुत किए गए थे। उनके अनुसार भारत सरकार ने इस मामले में ब्रिटेन सरकार से भी आधिकारिक स्तर पर संपर्क किया था। विग्नेश शिशिर ने कुछ गोपनीय दस्तावेज जांच के लिए सीबीआई को सौंपे हैं।



### एकल पीठ में हो रही सुनवाई

मामले की सुनवाई एकल पीठ के रूप में न्यायमूर्ति राजीव सिंह कर रहे हैं। याचिकाकर्ता ने अदालत से रायबरेली जिले के कोतवाली थाने में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश देने की मांग की है।

याचिका में राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं 318, 335, 340, 236, 237, 61, 148, 147, 152, 238, 336(3), 351 के तहत एफआईआर दर्ज करने की अपील की गई है। इसके अतिरिक्त आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धाराएं 3, 5 और 6, पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धाराएं 12 और 13 तथा विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14(बी) और 14(सी) के तहत भी कार्रवाई की मांग की गई है।

### एलयू मेस के सोयाबीन में मिले चूहे के बच्चे

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय न्यू कैंपस में मेस का खाना खाने से गुरुवार सुबह एक और छात्रा की तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर कुलपति और प्रोक्टोरियल बोर्ड के सदस्य मौके पर पहुंचे। बीमार छात्रा को मेडिकल हेल्प उपलब्ध कराने के बाद कुलपति ने प्रदर्शन कर रही छात्राओं से मुलाकात कर समझाने की कोशिश की, लेकिन छात्राएं प्रोवोस्ट को हटाने की मांग पर अड़ी रहीं।

गंगा हॉस्टल में रहने वाली BBA की छात्रा कशिश दूषित खाना खाने से गुरुवार सुबह बीमार हो गईं। कंडीशन ज्यादा बिगड़ने पर उसे डॉक्टर से कंसल्टेशन दिलाया गया। वहीं आक्रोशित छात्राओं ने मेस में ताला लगा दिया। छात्राओं ने कुलपति के आने तक ताला खोलने से मना कर दिया।

छात्राओं को भड़का देख हॉस्टल प्रशासन भी बैक फुट पर आ गया। इस दौरान सुबह का नाश्ता मेस में नहीं बना। कुछ देर बाद जब कुलपति प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे।

# 'बैंक वाले बहुत बदमाश हैं लोन के लिए दौड़ाते हैं'

■ मंत्री संजय निषाद बोले, वीरु साहनी ने कहा- एसडीएम काम नहीं कर रहे

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में आज से 2 दिवसीय "उत्तर प्रदेश मीन महोत्सव और एक्वा एक्सपो-2026" शुरू हुआ। महोत्सव 27 और 28 फरवरी 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चलेगा। भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और प्रदेश सरकार के मत्स्य विकास कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने महोत्सव का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल ने कहा- इस शहर में आम महोत्सव होता था। मीन महोत्सव पहली बार हो रहा है। डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा- बैंक वाले बहुत बदमाश हैं। विभाग से भी मत्स्य पालक का सर्टिफिकेट जारी होने के बाद भी किसानों लोन के लिए दौड़ाया जाता है। अधिकारियों से कहना चाहूंगा कि किसानों को हैरेस मत करिए कि वह मत्स्य विभाग से हट कर दूसरी जगह चले जाएं। मत्स्य सहकारी समिति अध्यक्ष वीरू साहनी ने कहा- एसडीएम द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। किसानों को ठेका देने के लिए दौड़ाया जाता है। इस पर मैं मुख्यमंत्री से कहूंगा कि उनसे पावर छिन लिया जाए। मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने महिला किसान से पूछा- आपको मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ मिला या नहीं? महिला ने कहा, नहीं। जिस पर अवनीश अवस्थी ने डायरेक्ट को बुलाकर कहा कि इनका नाम नोट करिए।



## छापेमारी : लखनऊ और बलिया में सर्च ऑपरेशन जारी, साथी ठेकेदार के यहां भी कार्रवाई

# बसपा विधायक के ठिकानों पर आईटी रेड

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी 48 घंटे से अधिक समय से जारी है। 25 फरवरी से शुरू हुई यह कार्रवाई लखनऊ, बलिया, सोनभद्र और कौशांबी तक हो रही है। शुक्रवार सुबह भी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित CSIL कार्यालय में आयकर अधिकारियों की टीम दस्तावेजों की जांच में जुटी रही। उमा शंकर सिंह के करीबी ठेकेदार के यहां भी छापेमारी चल रही है।

सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज स्थित कंपनी कार्यालय पर आयकर की टीम 12 गाड़ियों में पहुंची। बताया जा रहा है कि कुछ गाड़ियों पर शादी के पंपलेट लगे थे, जिससे संदेह न हो। यहां भी कई घंटों तक दस्तावेजों की जांच की गई थी। बलिया के रसड़ा स्थित विधायक के आवास पर भी मेन गेट बंद कर सर्चिंग की गई थी। इसके अलावा कौशांबी में उनके गिट्टी और बालू मिक्सिंग प्लांट पर आयकर विभाग ने कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों से पूछताछ की और रिकॉर्ड जब्त किए।

सूत्रों के मुताबिक, अगस्त 2025 में आई CAG रिपोर्ट में उनकी कंपनी पर 33,604 घनमीटर गिट्टी के अवैध खनन का आरोप लगा था, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए के नुकसान की बात सामने आई थी। माना जा रहा है कि इसी रिपोर्ट के आधार पर आयकर विभाग ने यह कार्रवाई शुरू की है। हालांकि, विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।


उमाशंकर सिंह, विधायक

### लखनऊ आवास पर 50 से ज्यादा अफसर पहुंचे थे, आवागमन बंद

बुधवार सुबह 50 से अधिक आयकर अधिकारी गाड़ियों के काफिले के साथ गोमतीनगर स्थित विधायक के आवास पहुंचे और पूरे परिसर को घेर लिया था। किसी को अंदर-बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई थी। टीम ने घर और कार्यालय में रखी फाइलें, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और वित्तीय रिकॉर्ड खंगाले।

### सीएसआईएल कंपनी पर फोकस

विधायक की कंपनी 'छात्र शक्ति इंफ्रा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड' (CSIL) का कार्यालय गोमतीनगर के बी-5/299, विपुल खंड में स्थित है। आयकर विभाग की जांच का केंद्र कंपनी से जुड़े वित्तीय लेन-देन और खनन कारोबार से संबंधित दस्तावेज बताए जा रहे हैं।

48 घंटे से अधिक समय से जारी इस कार्रवाई ने प्रदेश की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि आयकर विभाग किन निष्कर्षों पर पहुंचता है।


■ यह मार्च- 2025 की फोटो है, जब उमाशंकर की तबीयत खराब होने पर मायावती खुद उनसे मिलने उनके घर पहुंची थीं।

# बेटी के ससुराल वालों की पिटाई से बुजुर्ग की मौत

## लखनऊ में सिर पर फावड़ा मारा, लोकबंधु में इलाज के दौरान दमतोड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में बंथरा थाना क्षेत्र में बेटी के ससुराल वालों की पिटाई से घायल एक बुजुर्ग की गुरुवार रात ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 61 साल के राम नरेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है।

सरोजनी नगर के गौरी निवासी पूजा रावत ने बताया- करीब दो साल पहले उनकी शादी बंथरा थाना क्षेत्र के चक गांव निवासी संदीप कुमार से हुई थी। पूजा का आरोप है कि शादी के बाद से ही उनके पति और ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। गंभीर रूप से घायल राम नरेश को पहले लोक बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। गुरुवार रात ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान राम नरेश की मौत हो गई। मारपीट की घटना के दौरान पूजा के ससुराल वालों ने उन्हें नवजात बच्चा नहीं दिया था, जिसके कारण वह अकेले ही अपने मायके चली आई थीं।



### सिर पर फावड़े से हमला किया

पूजा के अनुसार, 13 फरवरी को उन्होंने ऑपरेशन के जरिए एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद ससुराल वालों ने उनसे बच्चा छीन लिया और उसे दूध तक नहीं पिलाने दिया। पीड़िता ने इसकी सूचना अपने मायके वालों को दी। सूचना मिलने पर 22 फरवरी को पूजा के पिता राम नरेश अपनी छोटी बेटी के साथ पूजा को मायके लाने के लिए उसकी ससुराल पहुंचे। आरोप है कि वहां पूजा के ससुराल वालों ने राम नरेश और उनकी छोटी बेटी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपियों ने कथित तौर पर राम नरेश के सिर पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा

# विकास और कानून व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । शुक्रवार को प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्पष्ट किया गया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

विद्युत विभाग की समीक्षा में रोस्टर के अनुसार आपूर्ति की जानकारी दी गई। खराब ट्रांसफार्मरों के त्वरित प्रतिस्थापन की पुष्टि की



गई। आईडीएसएस योजना के तहत 98 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की जानकारी पर पूरी परियोजना सूची का सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। बिजनेस प्लान और सौभाग्य योजना के कार्यों की भी जांच कराने को कहा गया।

फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अभियान चलाने और केसीसी धारक किसानों का बीमा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। शेष ग्राम पंचायतों में विद्युत सखी का चयन और प्रशिक्षण पूर्ण कर उन्हें सक्रिय करने को कहा गया। स्वयं सहायता समूहों के गठन की प्रगति पर बताया गया कि 12 हजार से अधिक समूह गठित हो चुके हैं, जबकि 12

### आवास योजनाओं की किस्तें समय से जारी हों

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को तीनों किस्तों का भुगतान समय से करने और प्रत्येक आवास को शौचालय से आच्छादित करने के निर्देश दिए गए। लंबित किस्तों को प्राथमिकता से जारी करने को कहा गया।

हजार नए समूहों के गठन की प्रक्रिया जारी है।

समीक्षा में सामने आया कि सड़क निर्माण की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष 129 प्रतिशत है। सांसद और विधायक निधि के कार्य समय से चल रहे हैं। दिव्यांग पेंशन के 117 निरस्त आवेदनों में

**जनपद में संचालित 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाओं की नियमित फिटनेस जांच कराने, चेकलिस्ट के अनुसार सत्यापन और ऑक्सीजन सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आमजन को आपातकालीन सेवाएं सुगमता से मिलें, इस पर विशेष बल दिया गया।**



### मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से विभागवार प्रगति की जांच

बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, लोक निर्माण, समाज कल्याण, सिंचाई, मत्स्य, पशुधन, महिला एवं बाल विकास समेत विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने और योजनाओं की जमीनी हकीकत का सत्यापन कराने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए गए।

ग्राम सभा प्रस्ताव के अभाव वाले मामलों को अलग सूचीबद्ध कर समन्वय से स्वीकृत कराने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों में पाई गई कमियों को दुरुस्त करने के बाद पुनः सत्यापन कराने और क्षतिग्रस्त मार्गों का समुचित रेस्टोरेशन सुनिश्चित करने को कहा गया।

# प्रधानाध्यापक शमशुल हसन को 'उत्कृष्ट अध्यापक पुरस्कार'

## भियांव ब्लॉक में सम्मान समारोह, खंड शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । जलालपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित अंबेडकर नगर जिले के भियांव विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय मजीरा के प्रधानाध्यापक शमशुल हसन को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए "उत्कृष्ट अध्यापक पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भियांव के खंड शिक्षा अधिकारी विवेक कुमार द्विवेदी द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय परिवार और क्षेत्र के शिक्षकों में उत्साह का वातावरण रहा। प्रधानाध्यापक शमशुल हसन के नेतृत्व में विद्यालय ने बीते वर्षों में शैक्षणिक गुणवत्ता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की हैं। विद्यालय में शिक्षण पद्धति को अधिक प्रभावी और नवाचारपूर्ण



बनाने के लिए कई पहल की गईं। कक्षा शिक्षण को गतिविधि आधारित और छात्र-केंद्रित बनाया गया, जिससे विद्यार्थियों की भागीदारी और सीखने की गति में सुधार हुआ। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, छात्र उपस्थिति में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। अभिभावकों के साथ नियमित संवाद और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने से विद्यालय के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। परिणामस्वरूप, वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों के प्रदर्शन में भी स्पष्ट सुधार देखा गया। विद्यालय में अनुशासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शिक्षण में तकनीकी और रचनात्मक तरीकों को शामिल किया गया। शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग, समूह गतिविधियों, नियमित मूल्यांकन और विशेष कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन दिया गया।

प्रधानाध्यापक के निर्देशन में विद्यालय परिसर की शैक्षणिक गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित किया गया। विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और जागरूकता अभियानों के आयोजन से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**फास्ट न्यूज**

### जलालपुर पुलिस ने वांछित युवक को दबोचा

जलालपुर । कोतवाली पुलिस ने वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को थाना क्षेत्र के वाजिदपुर पक्का पुल के पास से पकड़ा। गिरफ्तारी रात करीब 10 बजे की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान अमन खान, निवासी मसेना मिर्जापुर थाना आलापुर, जनपद अंबेडकर नगर के रूप में हुई है।

### हरिश्चंद्र श्रीवास्तव उर्वरक एवं रसायन विभाग की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य नामित

अंबेडकर नगर । अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर गांव निवासी और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चंद्र श्रीवास्तव को भारत सरकार के उर्वरक और रसायन विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है।

उर्वरक और रसायन विभाग की हिंदी सलाहकार समिति केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी उपयोग, प्रोत्साहन और अनुपालन की समीक्षा के लिए गठित की जाती है।

### सुमिताचार्य बोले-अविमुक्तेश्वरानंद पर संकट का योग

प्रयागराज। अपनी भविष्यवाणियों के जरिये खास चर्चा में आए द डिक्टेटर एस्ट्रोलॉजर नाम से प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य सुमिताचार्य महाराज ने आने वाले सालों को लेकर भी कई अहम भविष्यवाणियां की हैं। सोशल मीडिया पर इन दिनों खास सुर्खियां बटो रहे एस्ट्रोलॉजर सुमिताचार्य महाराज ने मार्च 2026 से लेकर 10 दिसंबर 2026 तक देश और दुनिया को लेकर कई बड़ी बातें बोली हैं।

# पर्ची के लिए घंटों कतार ओपीडी से पहले ही लौट रहे मरीज

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अस्पताल के कंप्यूटरीकृत रजिस्ट्रेशन काउंटर पर अत्यधिक भीड़ और धीमी प्रक्रिया के कारण मरीजों को ओपीडी पर्ची बनवाने में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

सुबह से कतार में खड़े मरीजों में बड़ी संख्या ग्रामीण क्षेत्रों से आने वालों की है। कई मरीजों का कहना है कि लंबी लाइन और धीमी कार्यप्रणाली के कारण ओपीडी का समय समाप्त हो जाता है, जिससे उन्हें बिना इलाज लौटना पड़ता है।

अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं, लेकिन रजिस्ट्रेशन काउंटर और कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है। कंप्यूटरीकृत व्यवस्था लागू होने के बावजूद पर्ची बनाने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी बताई जा रही है।



**महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय में रजिस्ट्रेशन व्यवस्था पर सवाल**

मरीजों का आरोप है कि पर्याप्त स्टाफ न होने और काउंटर सीमित होने से अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। ओपीडी समय के दौरान भीड़ नियंत्रित करने के लिए कोई अतिरिक्त व्यवस्था नजर नहीं आ रही। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और गंभीर रोगियों को उठानी पड़ रही है। घंटों खड़े रहने की मजबूरी के कारण कई मरीजों की तबीयत बिगड़ने की स्थिति बन जाती है।

जिला उद्योग बंधु व व्यापार बंधु समिति की बैठक

# उद्योग और व्यापार को गति देने पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति और जिला व्यापार बंधु समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने की। बैठक में औद्योगिक निवेश, स्वरोजगार योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत पूर्व कार्यवाही की समीक्षा से हुई। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों, विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों तथा उद्यमियों को जारी किए जाने वाले एनओसी और लाइसेंस की स्थिति पर चर्चा की गई। अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिया



गया कि लंबित मामलों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनपद की रैंकिंग में सुधार हो। स्पष्ट किया गया कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर अधिक से अधिक युवाओं और उद्यमियों को योजनाओं से जोड़ा जाए।

ओडीओपी के अंतर्गत कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) की प्रगति और प्रस्तावित एमएसएमई ऑडिटोरियम व निजी औद्योगिक पार्क से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि परियोजनाओं को

### युवा उद्यमियों के लिए योजनाओं की प्रगति

बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और One District One Product (ओडीओपी) योजना की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैंकों द्वारा प्राप्त, स्वीकृत और वितरित आवेदनों की स्थिति पर चर्चा करते हुए स्वीकृति और वितरण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाए, ताकि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

# यूरिया-डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता लक्ष्य से अधिक उर्वरक आपूर्ति

## सहकारिता व निजी क्षेत्र में पर्याप्त स्टॉक

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । रबी सीजन के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता लक्ष्य से अधिक दर्ज की गई है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने बताया कि फरवरी माह तक जनपद में विभिन्न उर्वरकों की आपूर्ति निर्धारित लक्ष्य से ऊपर रही है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

फरवरी तक यूरिया का लक्ष्य 38,825 मीट्रिक टन निर्धारित था, जिसके सापेक्ष 52,993 मीट्रिक टन उपलब्ध हुआ। डीएपी का लक्ष्य 12,919 मीट्रिक टन के मुकाबले 15,644 मीट्रिक टन प्राप्त हुआ।

इसी प्रकार एनपीके का लक्ष्य 4,055 मीट्रिक टन था, जबकि 9,351 मीट्रिक टन उपलब्ध हुआ। एसएसपी का लक्ष्य 11,381 मीट्रिक टन के सापेक्ष 22,166 मीट्रिक टन उपलब्धता दर्ज की गई। एमओपी का लक्ष्य 603 मीट्रिक टन के मुकाबले 514 मीट्रिक टन प्राप्त हुआ। वितरण के उपरांत वर्तमान में सहकारिता और निजी क्षेत्र में संयुक्त रूप से पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। यूरिया 10,135 मीट्रिक टन, डीएपी 4,803 मीट्रिक टन, एनपीके 3,071 मीट्रिक टन, एसएसपी 10,340 मीट्रिक टन और एमओपी 182 मीट्रिक टन उपलब्ध है।

कृषि विभाग के अनुसार जनपद में यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों की स्थिति संतोषजनक है और मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड और जोत-बही या खतौनी साथ लाना अनिवार्य किया गया है। भूमि अभिलेख में दर्ज जोत के अनुसार ही निर्धारित मात्रा में उर्वरक दिया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पीओएस मशीन के माध्यम से निर्धारित मूल्य पर ही बिक्री की जाएगी।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सख्त निर्देश, अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आनंद कुमार

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सीधे आमजन से जुड़ी हैं, ऐसे में जवाबदेही सुनिश्चित करना अनिवार्य है।



रामनगर मकरहीं क्षेत्र की एक आशा को निष्क्रिय करने के प्रस्ताव को बैठक में अनुमोदित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के वे सभी उपकेंद्र जो सरकारी भवनों में संचालित हो रहे हैं, उनका एक से दो माह के भीतर एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) के तहत सर्टिफिकेशन कराया जाए। गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए यह प्रक्रिया प्राथमिकता पर पूरी करने को कहा गया। आरसीएच पोर्टल पर ब्लॉक जहॉगीरगंज की प्रगति

### एनसीडी स्क्रीनिंग और कार्ड वितरण अनिवार्य

30 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों की एनसीडी (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने और स्क्रीनिंग के बाद सभी को एनसीडी कार्ड जारी करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए और रिपोर्टिंग समय पर की जाए।

असंतोषजनक पाई गई। इस पर संबंधित बीपीएम को चेतावनी पत्र जारी करने का आदेश दिया गया। डेटा अपलोडिंग और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोर्टिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

### स्वास्थ्य डैशबोर्ड में जनपद की रैंक 4

समीक्षा के दौरान जनवरी माह में उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य डैशबोर्ड पर जनपद की रैंक 4 होने पर संतोष व्यक्त किया गया। आगामी महीनों में रैंकिंग और बेहतर करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्रदर्शन में निरंतर सुधार के लिए नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया गया। जनपद स्तर पर रिक्त आशा, अर्बन आशा और आशा संगिनी के पदों को शीघ्र भरने का निर्देश दिया गया। बसखारी में दो आशाओं द्वारा एएनएम प्रशिक्षण कोर्स पूर्ण करने के बाद पुनः आशा के रूप में कार्य करने की इच्छा जताई गई थी। संबंधित पद रिक्त होने के आधार पर उन्हें पुनः कार्यभार देने का निर्देश दिया गया।

जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के भुगतान की स्थिति खराब मिलने पर जलालपुर, जहॉगीरगंज और भीटी के बीएएम का मानदेय बाधित करने का निर्देश दिया गया।

# कैनविज कंपनी पर 2.6 करोड़ की धोखाधड़ी एफआईआर दर्ज

## कंपनी ने निवेश का लालच देकर 182 लोगों से ठगी की

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । भीटी थाने में कैनविज कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की गई है। कंपनी पर आरोप है कि उसने 182 निवेशकों से लगभग 2 करोड़ 60 लाख रुपये की ठगी की। इस कंपनी पर पूरे देश में करीब 1200 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप है।

इसके बाद 18,000 रुपये की एफडी स्कीम शुरू की गई, जिसमें ढाई साल में 64,000 रुपये देने का दावा किया गया। यह योजना 2023 में बंद कर दी गई। अंत में 'एफआईएनआई' नाम से नई योजना शुरू की गई। इसमें 12,000 रुपये जमा करने और दो नए सदस्य जोड़ने पर 800 रुपये कमीशन और 24 माह तक दो हजार रुपये देने का वादा किया गया। कुछ समय तक भुगतान





होने के बाद यह स्कीम भी बंद कर दी गई। अकेले रवींद्र पटेल और उनकी टीम के 32 लोगों से जालसाजों ने 71 लाख रुपये का निवेश हड़प लिया। एनवां निवासी रवींद्र पटेल ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर जांच सीओ भीटी को सौंपी गई। एफआईआर में बरेली जिले के बारादरी थाना अंतर्गत शाहदाना स्टेडियम रोड निवासी कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी राधिका गुलाटी, पुत्र गोपाल गुलाटी, साले आशीष महाजन और उसकी पत्नी किमी महाजन को नामजद किया गया है।

### निवेशकों को धन दोगुना करने का लालच

कंपनी ने कम समय में धन दोगुना करने का लालच देकर लोगों को अपने जाल में फंसाया। जालसाजों ने समय-समय पर रणनीति बदलकर निवेशकों को लुभाया। शुरुआती शिकार में इब्राहिमपुर के एनवां बाजार निवासी रवींद्र पटेल शामिल थे, जिन्हें बाद में एजेंट के रूप में उपयोग किया गया। रवींद्र पटेल से 9,500 रुपये जमा कराए गए, बदले में उन्हें कोट-पैंट और गोवा ट्रिप का वादा किया गया। लोगों का विश्वास जीतने के लिए अकबरपुर के एक होटल में लगातार सेमिनार आयोजित किए गए। इस योजना को छह माह बाद बंद कर दिया गया।

# हंगामा : मजदूर की संदिग्ध मौत आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । भीटी थाना क्षेत्र के चाई पांडेय पूरा निवासी राजेश कुमार की बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पत्नी और परिजन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार सुबह परिजन शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर हंगामा कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर अंतिम संस्कार करवाया और दो आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पत्नी सीता देवी ने बताया कि उनके पति राजेश निषाद निषाद नगर चौराहे पर स्थित मनोज कुमार निषाद की बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में काम करते थे। 25 फरवरी की सुबह 8:30 बजे राजेश घर से दुकान के लिए निकले थे।

सीता देवी के अनुसार, उसी दिन देर शाम करीब 7:30 बजे मनोज और संतोष राजेश को घायल अवस्था में घर लेकर आए। राजेश को चारपाई



**राजेश कुमार की मौत के बाद परिजन ने शव का अंतिम संस्कार करने से किया इनकार, पुलिस ने मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया**

पर लिटाया गया और उन्हें दवा की थैली देते हुए कहा गया कि हालत ठीक नहीं है। कुछ ही देर बाद राजेश को तेज दर्द हुआ, और परिजन उन्हें सीएचसी भीटी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में रात 8:30 बजे उनकी मौत हो गई। राजेश के चार बेटे हैं। मृतक के चचेरे भाई राकेश ने बताया कि दुकान मालिक मनोज ने दावा किया कि राजेश को संतोष के साथ हैदरगंज टिन शेड लेने भेजा गया था।

**लक्ष्य :** पिछले सत्र के मुकाबले 10 करोड़ अधिक, गांवों में विकास और रोजगार सृजन पर फोकस

# ब्लॉक कटेहरी की क्षेत्र पंचायत बैठक में 21.64 करोड़ का बजट अनुमोदित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । विकास खंड कटेहरी के मीटिंग हाल में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अनिल वर्मा ने की। सत्र 2026-27 के लिए 21 करोड़ 64 लाख 92 हजार का बजट सदन के समक्ष पेश किया गया, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया। यह बजट पिछले सत्र के बजट की तुलना में 10 करोड़ अधिक है।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र पंचायत के माध्यम से शासन की मंशा गांवों का विकास और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा





कि योजना कार्यों को पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए।

बैठक में एडीओ आरडी अनिल सिंह, जेई एमआई रामजीत तिवारी समेत ब्लॉक का समस्त स्टाफ, बीडीसी सदस्य और ग्रामप्रधान उपस्थित रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी कार्य शत-प्रतिशत लक्ष्य के साथ पूर्ण किए जाएं। पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि गांवों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में विशेष रूप से रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास पर बल दिया गया।

### विकास कार्यों की व्यापक रूपरेखा

बजट के तहत गांवों में कच्चा और पक्का निर्माण कार्य किए जाने का प्रस्ताव है। इसमें चकमार्ग, नाली, इंटरलॉकिंग, खड़ंजा, आवास निर्माण की मजदूरी, तालाब खोदाई, वृक्षारोपण, शौचालय निर्माण, नाले, बंधा, बकरी शेड और पशु शेड शामिल हैं।

### मनरेगा/वीवीजी रामजी के तहत बजट और लक्ष्य

बैठक में मनरेगा/वीवीजी रामजी योजना के तहत 21 करोड़ 64 लाख 92 हजार के सापेक्ष 865.970 करोड़ रुपए सामाग्री व्यय और 1298.950 करोड़ रुपए लेबर बजट निर्धारित किया गया। क्षेत्र पंचायत के तहत राज्य वित्त और 15वें वित्त से ढाई करोड़ का बजट भी अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही पांच लाख 15 हजार 458 मानव दिवस सृजन का लक्ष्य रखा गया। एपीओ आरिफ मेहंदी ने बैठक के दौरान मनरेगा/वीवीजी रामजी योजना के उद्देश्यों और नवीनतम जानकारियों की प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र में बजट के सभी मदों में शत-प्रतिशत धनराशि का व्यय किया जा चुका है और मानव दिवस का लक्ष्य भी पूरी तरह प्राप्त हुआ।

मनरेगा और वीवीजी रामजी योजना के तहत निर्धारित मानव दिवस और सामाग्री व्यय का लक्ष्य पूरे ब्लॉक में लागू किया जाएगा।

# रमज़ानुल मुबारक रहमत और बरकत का महीना : खालिद क़ासमी

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकर नगर । माह-ए-रमज़ानुल मुबारक की आमद पर मौलाना आज़ाद गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद क़ासमी ने क्षेत्रवासियों और मुस्लिम समुदाय को मुबारकबाद दी। अपने संदेश में उन्होंने रमज़ान को रहमत, बरकत और मग़फ़िरत का महीना बताया। उन्होंने कहा कि रमज़ान इंसान को सब्र, परहेज़गारी और इबादत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। यह महीना आत्मसंयम, आत्मशुद्धि और बुराइयों से दूर रहने का अवसर प्रदान करता है। उनके अनुसार रमज़ान केवल भूख और प्यास सहने का नाम नहीं, बल्कि अपने आचरण और चरित्र को संवारने का भी समय है। उन्होंने कहा कि इस महीने में इंसान अपने नफ़्स पर काबू पाना सीखता है और समाज में आपसी भाईचारे तथा हमदर्दी को मजबूत करने का संदेश देता है। मौलाना क़ासमी ने रमज़ान के दौरान तिलावत-ए-कुरआन, नमाज़ की पाबंदी, सदक़ा-ओ-ख़ैरात और ज़कात अदा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन अमलों से समाज के गरीब, जरूरतमंद और यतीम वर्ग को सहारा मिलता है और सामाजिक संतुलन मजबूत होता है। उन्होंने अपील की कि रमज़ान के मुकद्दस महीने में अमन-ओ-आश्ती, आपसी इत्तेहाद और इंसानियत को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही देश की तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआ करने की बात कही। अपने संदेश के अंत में उन्होंने दुआ की कि सभी लोग रमज़ान की असली अहमियत को समझें ।



**जलालपुर में दिया संदेश, इबादत और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर**

# सम्पादकीय

## इंसेफ्लाइटिस पर निर्णायक विजय




एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम (एईएस) और जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) के खिलाफ उत्तर प्रदेश की सफलता हाल के समय की सबसे उल्लेखनीय जनस्वास्थ्य उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कठोर क्रियान्वयन क्षमता ने राज्य को 2017 में 5,400 से अधिक मामलों और 650 से अधिक मौतों से 2024 में मामलों में तीव्र गिरावट और शून्य मृत्यु तक पहुंचा दिया। यह एक ऐसी सफलता है जो कभी भारत के सबसे खराब स्वास्थ्य सूचकांकों से जकड़े राज्य के खाते में गई है। चार दशकों तक इंसेफ्लाइटिस ने पूर्वी उत्तर प्रदेश को झकझोर कर रखा था। गोरखपुर इसका केंद्र रहा, जबकि कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर और बस्ती जैसे जिले इसकी चपेट में रहे। यह बीमारी बच्चों और युवाओं को अचानक तेज बुखार और मानसिक भ्रम के साथ जकड़ लेती थी, जो अक्सर मौत का कारण बन जाती थी। जो बच जाते, वे जीवनभर न्यूरोलाजिकल और शारीरिक अक्षमता से पीड़ित रहते। वर्ष 2017 तक इस बीमारी ने लगभग 50 हजार जानें ले लीं, जिनमें अधिकांश बच्चे थे। यह आंकड़ा न केवल चिकित्सा विफलता, बल्कि दशकों की प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी का प्रतीक था। दूषित पानी, कुपोषण, गंदगी और अस्वच्छ जीवन स्थितियों ने संक्रमण को बढ़ावा दिया, ऊपर से पूरी तरह से जर्जर स्वास्थ्य ढांचे ने हालात को काफी गंभीर बना दिया था। राज्य में तब बच्चों के लिए आईसीयू का अभाव, कमजोर लैब सुविधाएं, अपर्याप्त एंबुलेंस सेवाएं आम बात थीं। यही कारण था कि 2017 तक 28 जिले लगातार संक्रमित रहे और इंसेफ्लाइटिस राज्य की विफलता का प्रतीक बन गया। इसी पृष्ठभूमि में 2017 के चुनाव अभियान में प्रधानमंत्री मोदी ने निर्णायक कार्रवाई का वादा किया। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालते ही इंसेफ्लाइटिस उन्मूलन प्राथमिकता बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में इसे मिशन मोड पर लिया गया। चुनौती केवल बीमारी से लड़ने की नहीं थी, बल्कि भरोसेमंद स्वास्थ्य ढांचा खड़ा करने की भी थी। इसके बाद जो हुआ वह किसी बिखरे हुए हस्तक्षेप या संकट-प्रतिक्रिया तंत्र तक सीमित नहीं था, बल्कि केंद्र की सतत निगरानी, संसाधन आवंटन, विभागीय समन्वय और रणनीतिक नेतृत्व पर आधारित एक व्यापक और व्यवस्थित सुधार कार्यक्रम था। सात विभागों को जोड़कर समग्र योजना बनी। वर्ष 2019 में गोरखपुर में एम्स की स्थापना, आइसीएमआर की भूमिका मजबूत हुई। सक्रिय सर्वेक्षण से इंसेफ्लाइटिस के कारणों और जोखिमों की पहचान हुई, लैब अपग्रेड हुए, डायग्नोस्टिक किट विकसित हुईं। बीआरडी मेडिकल कालेज, गोरखपुर को उन्नत किया गया, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इंसेफ्लाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर बने, एंबुलेंस सेवाएं शुरू हुईं। बुखार-ट्रैकिंग सिस्टम ने इंसेफ्लाइटिस की शुरुआती पहचान को संभव बनाया। व्यापक टीकाकरण अभियान ने जेई वायरस के प्रसार को रोका। वर्ष 2018 में बीआरडी मेडिकल कालेज में बाल पुनर्वास केंद्र स्थापित हुआ, जिससे दिव्यांग बच्चों को दीर्घकालिक देखभाल मिली। अस्पतालों से परे असली सफलता जीवन स्तर और स्वच्छता सुधार से मिली। पूर्वी उत्तर प्रदेश में केंद्र की योजनाएं सटीकता से लागू हुईं। जैसे स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय बने, जल जीवन मिशन से नल से जल कनेक्शन दिया गया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संक्रामक रोग अभियान चला, पोषण अभियान से बच्चों एवं माताओं को पोषण दिया गया और आयुष्मान केंद्रों एवं आरोग्य मेले से मुफ्त इलाज किया गया। इन सुधारों ने सीधे तौर पर कुपोषण, असुरक्षित पानी और खराब स्वच्छता जैसी जड़ों पर चोट की। ये वे संरचनात्मक विफलताएं थीं, जिन्होंने वर्षों तक एईएस और जेई के प्रसार को बढ़ावा दिया था। इसके साथ ही फ्रंटलाइन स्टाफ, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्यकर्मियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की व्यापक क्षमता-वृद्धि ने समर्पित और सक्षम जनशक्ति तैयार की। जागरूकता अभियानों, हिंदी प्रोटोटाइप्स और जमीनी स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं एवं 'दस्तक' अभियान के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई गई, स्वच्छता व्यवहार को नया रूप दिया गया और रोकथाम की आदतों को मजबूत किया गया।

# इजरायल में मोदी, जापान में योगी... इजरायल और जापान भारत के नये एजेंडे में तो नहीं...

> गौरतलब है कि इससे पहले मुख्यमंत्री सिगापुर दौरे पर भी गए थे, जहां हजारों करोड़ रुपए के निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ था। अब जापान दौरे के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एशियाई निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी का इजरायल दौरा जहां वैश्विक रणनीतिक संतुलन, सुरक्षा सहयोग और हाई क्वालिटी टेक्नीक शेयरिग पर फोकस्ड है, वहीं योगी आदित्यनाथ का सिगापुर-जापान दौरा आर्थिक कूटनीति और निवेश आकर्षित करने की दिशा में अहम कदम है. एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर भारत अपनी विदेश नीति को मजबूत कर रहा है, तो दूसरी ओर राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश वैश्विक पूंजी और तकनीक को आकर्षित करने की कोशिश में जुटा है. दोनों यात्राएं यह दर्शाती हैं कि आज की राजनीति में कूटनीति सिर्फ राजनीतिक संवाद तक सीमित नहीं है बल्कि सुरक्षा, तकनीक, व्यापार और निवेश से सीधे जुड़ी हुई है. पीएम मोदी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया में तनाव जारी है। एक तरफ ईरान पर अमेरिकी हमले का खतरा बरकरार है तो दूसरी तरफ इस्राइल भी लंबे समय से फलस्तीन में हमास से संघर्ष में जुटा है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी की इस्राइल यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी मुलाकात के दौरान रक्षा से लेकर व्यापार और तकनीक से लेकर कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के मुद्दे पर समझौता कर सकते हैं। भारत की विदेश नीति इस वक्त चर्चा में है. चर्चा में इसलिए, क्योंकि एक तरफ पीएम मोदी और दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी दोनों ही विदेश दौरे पर हैं. वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिगापुर और जापान का दौरा कर रहे हैं. दोनों नेताओं की यात्राएं अपने-अपने स्तर पर राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक नजरिए



से बेहद अहम मानी जा रही हैं. एक तरफ भारत-इजरायल की सुरक्षा और रक्षा साझेदारी को नई मजबूती देने की कोशिश है, तो दूसरी ओर उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने के प्रयास की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 और 26 फरवरी को इजरायल के दौरे पर हैं. यह उनका दूसरा इजरायल दौरा है. इससे पहले वे 2017 में इजरायल गए थे. नौ साल बाद हो रही यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में जियोपॉलिटिक्स के लिहाज से हालात तेजी से बदल रहे हैं. भारत-इजरायल संबंध रणनीतिक साझेदारी के नए स्टेप में आ चुके हैं. पीएम मोदी तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने खुद उनकी आगवानी करेंगे. स्वागत का यही शुरुआती पहला स्टेप ये बताता है कि संबंध सिर्फ फॉर्मेलिटी नहीं है, बल्कि दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच आपस में भरोसा और राजनीतिक समझ के लेवल पर व्यक्तिगत विश्वास मजबूत हो चुके हैं. अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी इजरायल की संसद नेसेट को संबोधित करने वाले हैं, हालांकि इजरायल के विपक्षी दलों ने उनके संबोधन का बहिष्कार करने की धमकी दी है. इस पर नेसेट के स्पीकर अमीर ओहाना ने कहा कि अगर विपक्षी सांसद गैरमौजूद रहते हैं तो खाली सीटों को पूर्व सांसदों से भर दिया जाएगा. यह घटनाक्रम बताता है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत की भूमिका और उसकी लीडरशिप को लेकर वैश्विक राजनीति में चर्चा और मतभेद दोनों मौजूद हैं. बावजूद इजरायली सरकार की ओर से पीएम मोदी को दिया जा रहा महत्व दोनों देशों की बढ़ती नजदीकियों को गहराई देता है. पीएम मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू के बीच द्विपक्षीय बातचीत में रक्षा सहयोग, सुरक्षा साझेदारी और नई तकनीकों पर विशेष फोकस रहेगा. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (इ।), साइबर सुरक्षा और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी. भारत और इजरायल के बीच रक्षा सहयोग पहले से ही मजबूत है. भारत के प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ताओं में शामिल है. ड्रोन, मिसाइल सिस्टम, निगरानी तकनीक और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच गहरा सहयोग रहा है. इस दौरे के दौरान सुरक्षा और रक्षा सहयोग को लेकर नए एमओयू पर हस्ताक्षर होने की संभावना है. 26 फरवरी को पीएम मोदी यहूदी नरसंहार स्मारक का दौरा करेंगे और वहां श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. इसके अलावा वे इजरायल के राष्ट्रपति ईसाक हरजोग से भी मुलाकात करेंगे. यह कार्यक्रम प्रतीकात्मक रूप से ऐतिहासिक स्मृति और मानवीय मूल्यों के प्रति सम्मान को दर्शाता है. भारत और इजरायल के बीच राजनयिक संबंध 1992 में स्थापित हुए थे. तब से लेकर अब तक व्यापार, रक्षा, कृषि और तकनीक जैसे क्षेत्रों में सहयोग लगातार बढ़ा है. दोनों देशों के बीच व्यापार कई अरब डॉलर तक पहुंच चुका है. आतंकवाद-रोधी सहयोग और खुफिया साझेदारी ने भी संबंधों को रणनीतिक गहराई दी है. पीएम मोदी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों देश आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं. ऐसे में यह यात्रा सुरक्षा सहयोग को और व्यापक बनाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है. अब बात करते हैं सीएम योगी के विदेश दौरे की. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंच चुके हैं.

**राजेश श्रीवास्तव**

### सत्य पर आधारित...

जगदीश मिश्र

## संत बनाम सत्ता: विवाद ने लिया नया राजनीतिक मोड़





सनातन परंपरा में सत्ता और संत में टकराव के उदाहरण बहुत कम ही देखने को मिलते हैं। सामान्यतया दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं।सत्ता ने संत को सदैव सम्मान तथा संरक्षण और बदले में संत ने सत्ता को मार्गदर्शन दिया है। जब जब सत्ता अपने दायित्व तथा दिशा भटकी है संत सत्ता को च्युत होने से बचाने के लिए अडिग चट्टान के समान सत्ता के समक्ष मार्गदर्शक और आवश्यकता पड़ने पर चुनौती बनकर खड़ा हुआ है। सत्ता और संत के बीच टकराव की स्थिति में आमजन कभी प्रत्यक्ष तो कभी परोक्ष संत के साथ ही खड़ा रहा है। किन्तु अब स्थिति वैसी नहीं रही। अब सत्ता सम्भालने वाला पसंद नहीं करता कि कोई उसे चुनौती दे और संत समाज के व्यवहार में साधुता का भाव लुप्त सा होता जा रहा है।समझ ही गए होंगे, भूमिका उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और धर्मगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द के मध्य चल रहे एक अप्रिय विवाद की है जो अकारण ही बढ़ता ही जा रहा है। विवाद की शुरुआत स्वामी जी द्वारा संगम तट तक पालकी से ही जाने और प्रशासन द्वारा एक निर्धारित सीमा के बाद पालकी से उतर कर पैदल जाने के आग्रह से हुई जो हठधर्मिता के कारण हाथापाई में बदल गई। स्वामी जी ने धरना दिया और अंततः बिना स्नान किए वापस चले गए। अब सवाल यह है कि इस घटनाक्रम का जिम्मेदार कौन कौन? पुलिस और प्रशासन की व्यवस्था या स्वामी जी की हठधर्मिता! इसी बीच स्वामी जी के चरित्र पर सवाल उठे। मामला न्यायालय तक गया और न्यायालय के निर्देश पर पॉक्सो ऐक्ट के तहत केस दर्ज जाँच करने के आदेश के बाद अब इस मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है। स्वामी जी द्वारा जिस प्रकार से इस प्रकरण को राजनैतिक रूप देने की कोशिश की गईं तथा जातीय कार्ड खेलने का प्रयास किया जा रहा है, वह एक संत के लिए कदापि उचित नहीं। वे एक तरफ तो न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए दिखते हैं तो थोड़ी ही देर बाद पत्रकारों के साथ अपनी बेचारगी जताने और अपने विरोधियों के राजनैतिक एवं प्रशासनिक गठजोड़ पर प्रहार कर रहे होते हैं। अहंकार, हठधर्मिता, अराजकता पूर्ण व्यवहार व्यवस्था को तार-तार करने की प्रवृत्ति, कुटिलता पूर्ण जाति आधारित और राजनैतिक बयानबाजी यह सब किसी धर्मगुरु या संत को शोभा नहीं देती।वहीं शासन प्रशासन को भी कोई कार्रवाई करते समय इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा कि यह कार्रवाई तथ्यपूर्ण तथा तर्कसंगत होनी भी जरूरी है और होती दिखनी भी।क्योंकि विवाद में केवल एक संत ही नहीं अपितु बड़ी संख्या में उन पर आस्था रखने वालों की भावना भी जुड़ी हुई है।एक बड़ा राजनैतिक वर्ग सारे मामले को सनातन का अपमान बता कर अपने हित साधने का प्रयास कर रहा है। यह अलग बात है कि इस धारा के नेताओं ने सत्ता के लिए सनातन, संतों और जनभावना के साथ कैसा व्यवहार किया है, यह सभी अच्छी तरह जानते हैं। विवाद ने नया मोड़ तब लिया जब स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए। मामला न्यायालय तक पहुंचा और न्यायालय के निर्देश पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू करने के आदेश दिए गए। इसके बाद यह विवाद केवल प्रशासनिक मुद्दा नहीं रहा, बल्कि कानूनी और राजनीतिक आयाम भी ले चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के विवादों का समाधान संवाद और पारदर्शिता से ही संभव है। क्योंकि ऐसे मामलों में केवल एक व्यक्ति या संस्था ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों की आस्था और भावनाएं भी जुड़ी होती हैं।

### सच तो यह...

राजेश कुमार पासी

## नए नेतृत्व की तलाश में मुस्लिम समाज




पूरा विपक्ष एक अंजान डर से भयभीत है, उसे समझ नहीं आ रहा है कि अगर उसका डर सच साबित हो गया तो उसकी राजनीति का क्या होगा। इस डर को देश ने तब देखा, जब संसद परिसर का एक वीडियो सामने आया। सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संसद परिसर में अपने साथियों से बात करते नजर आ रहे हैं। वो कहते हैं कि उसको यूपी में न आने दो, वो अगर आया तो वो खत्म हो जाएगा क्योंकि वो नेशनल पार्टी नहीं है लेकिन वो हमें भी खत्म कर देगा। वो असदुद्दीन ओवैसी ओवैसी के बारे में बोल रहे थे। ये बात वो अपने साथियों के साथ कर रहे थे लेकिन कैमरे पर पकड़े गए। सवाल यह है कि कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टी का नेता एआईएमएएम जैसी छोटी सी पार्टी से क्यों डरा हुआ है। सच तो यह है कि यूपी में कांग्रेस के पास भी कुछ बचा नहीं है जिसे ओवैसी खत्म कर देंगे। वास्तव में उत्तरप्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के रहमो करम पर जिंदा है। समाजवादी पार्टी भी एक अंजान डर से जूझ रही है। उसे पता है कि कांग्रेस के पास ऐसा कुछ नहीं है कि उससे गठबंधन करने से कुछ फायदा हो। वास्तव में समाजवादी पार्टी को डर है कि अगर कांग्रेस अलग चुनाव लड़ती है तो मुस्लिम वोट बैंक में बिखराव हो सकता है। समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन उसके मुस्लिम-यादव वोट बैंक पर टिका हुआ है. इसमें थोड़ा सा भी परिवर्तन उसके लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इसकी कोई गारंटी नहीं है कि कांग्रेस के अलग चुनाव लड़ने से मुस्लिम वोट बैंक का कुछ हिस्सा उसके खाते में जा सकता है। इसके बावजूद समाजवादी पार्टी अपने डर से बाहर नहीं निकल पा रही है। इसका बड़ा फायदा कांग्रेस को मिल रहा है। असदुद्दीन ओवैसी ने देश के हर हिस्से में जाकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। जहां भी मुस्लिम समाज चुनाव परिणाम बदलने की हैसियत रखता है, वहां ओवैसी जरूर चुनाव लड़ते हैं। उत्तरप्रदेश की कई विधानसभा सीटों पर मुस्लिम समाज जीत और हार तय करता है, इसलिए ओवैसी का वहां जाना तय है। इसी बात का डर कांग्रेस अध्यक्ष को सता रहा है। वास्तव में मुस्लिम समाज धीरे-धीरे सेक्युलर राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों से दूर होता जा रहा है। मुस्लिम समुदाय की राजनीतिक सोच यह है कि जो भी दल और उम्मीदवार भाजपा को हरा सकता है, उसको वोट दिया जाए।

# जरा हटके

### उसी तरह हमारे...

उमेश कुमार साहू

## पलाश की सिंदूरी आभा : फागुन का दहकता दर्पण, जिसमें झांकती है हमारी परंपरा



जब फागुन की बयार चलती है तो प्रकृति मानो अपना मौन तोड़कर रंगों की भाषा में बात करने लगती है। इस संवाद का सबसे प्रखर और दीप्तिमान शब्द है - पलाश। जिसे हम लोकभाषा में 'टेसू' या 'ढाक' भी कहते हैं। पलाश मात्र एक वृक्ष नहीं, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप की उस अदम्य जिजीविषा का प्रतीक है, जो तपन और अभावों के बीच भी सौंदर्य का उत्सव मनाना जानती है। पलाश को 'वनों की ज्वाला' (Flame of the Forest) कहा जाता है। वैज्ञानिक रूप से इसे ब्यूटिया मोनोस्पर्मा (Butea \ monosperma) कहते हैं। जब बसंत अपने चरम पर होता है, तब पलाश के पत्तों का साथ छूट जाता है और उसकी नग्न टहनियों पर सिंदूरी-नारंगी फूलों का ऐसा सैलाब उमड़ता है कि दूर से देखने पर लगता है मानो जंगल में आग लगी हो। यह दृश्य विस्मयकारी होता है; पत्तों की अनुपस्थिति में फूलों का यह वर्चस्व यह संदेश देता है कि सृजन के लिए कभी-कभी पुराने आवरणों का त्याग अनिवार्य है। पलाश का खिलना इस बात की घोषणा है कि जीवन की सार्थकता केवल हरे-भरे बने रहने में नहीं, बल्कि प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने भीतर के रंग को पूरी प्रखरता के साथ बिखेरने में है। जिस तरह एक नदी अपनी मर्यादा (किनारों) में रहकर ही सुंदर और उपयोगी होती है, उसी तरह हमारे त्योहार भी नियमों और लोक-लाज की सीमाओं में ही आनंददायी होते हैं। टेसू का चटक रंग इसी अनुशासित उल्लास की अभिव्यक्ति है। पलाश का रंग 'केसरिया' या 'नारंगी' होना मात्र संयोग नहीं है। यह त्याग, वैराग्य और शौर्य का रंग है। प्राचीन काल में होली का पर्व पलाश के फूलों से बने प्राकृतिक रंगों से ही मनाया जाता था। ये रंग केवल त्वचा को ही नहीं, बल्कि मन को भी शीतलता प्रदान करते थे। पलाश के फूलों को रात भर पानी में भिगोकर जो केसरिया रंग तैयार होता था, वह त्वचा के रोगों के लिए रामबाण था। आज के कृत्रिम रंगों ने न केवल हमारे चेहरों को बिगाड़ा है, बल्कि उस उत्सवधर्मिता की आत्मा को भी मलिन कर दिया है। पलाश हमें याद दिलाता है कि उत्सव प्रकृति के विरुद्ध जाकर नहीं, बल्कि उसके साथ लयबद्ध होकर मनाया जाना चाहिए। पलाश का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भी आधार रहा है। इसके पत्तों से बने 'दौने और पत्तल' हमारी उस परंपरा का हिस्सा रहे हैं, जहाँ 'उपयोग करो और फेंक दो' (Use and Throw) की संस्कृति प्लास्टिक के कचरे से नहीं, बल्कि मिट्टी में मिल जाने वाले तत्वों से बनी थी। इसके पत्तों का भोजन पर एक विशेष औषधीय प्रभाव होता था। ग्रामीण अंचलों में आज भी पलाश की छाल से रस्सियाँ बनाई जाती हैं और इसके गोंद (कमरकस) का उपयोग स्वास्थ्यवर्धक औषधियों में होता है। यह वृक्ष हमें सिखाता है कि जो वस्तु देखने में जितनी सुंदर है, वह उतनी ही उपयोगी भी हो सकती है। यह 'कला के लिए कला' नहीं, बल्कि 'जीवन के लिए कला' का उत्कृष्ट उदाहरण है। भारतीय साहित्य पलाश की महिमा से भरा पड़ा है। कालिदास के 'ऋतुसंहार' में इसे बसंत का आभूषण बताया गया है। संत और मनीषी इसे 'ब्रह्मवृक्ष' कहते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो पलाश के त्रिपत्र (तीन पत्ते) ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक माने जाते हैं। इसके समिधा (लकड़ी) का उपयोग यज्ञों में किया जाता है, जो इसकी पवित्रता को सिद्ध करता है। पलाश हमें सिखाता है कि 'शून्यता में भी पूर्णता' कैसे खोजी जाए। जब इसके सारे पत्ते झड़ जाते हैं, तब यह सबसे सुंदर दिखता है। यह मनुष्य को संदेश देता है कि जब जीवन की बाहरी सुख-सुविधाएं (पत्ते) छूट जाएं, तब अपने भीतर के आत्मिक सौंदर्य (फूल) को प्रकट करने का असली समय होता है। यह 'रिक्तता' में 'पूर्णता' का उत्सव है। आज के दौर में जब जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती है, पलाश जैसे वृक्षों का महत्व और बढ़ गया है। यह वृक्ष बंजर और कठोर भूमि पर भी जीवित रहने की क्षमता रखता है। यह न केवल मृदा अपरदन को रोकता है, बल्कि भूजल स्तर को सुधारने में भी सहायक है। इसकी जड़ें मिट्टी को इतनी मजबूती से पकड़ती हैं कि इन्हें 'मिट्टी का रक्षक' कहा जाता है। इसके फूल पक्षियों और कीटों के लिए भोजन का मुख्य स्रोत बनते हैं, जिससे जैव-विविधता बनी रहती है। आज हम भटक गए हैं और कभी न मिलने वाली मंजिल तलाश रहे हैं। हमारी यह भटकन प्रकृति से अलगाव के कारण है। हमने पलाश के प्राकृतिक रंगों को छोड़कर 'सिंथेटिक' चकाचौंध को अपना लिया। हमने मर्यादाओं को तिलांजलि देकर उच्छृंखलता को आधुनिकता मान लिया। पलाश की वापसी केवल एक वृक्ष की वापसी नहीं होगी, बल्कि वह हमारी उस चेतना की वापसी होगी जो हमें संयम, सात्विकता और सामूहिकता की याद दिलाती है। यह हमें अपनी जड़ों की ओर लौटने का आह्वान करता है। जब तक टेसू के फूल लाल दहक रहे हैं, तब तक उम्मीद जीवित है कि हम अपनी खोई हुई सांस्कृतिक पहचान को पुनः प्राप्त कर सकते हैं और उस मर्यादा को पुनर्जीवित कर सकते हैं, जिसके बिना समाज का रंग फीका पड़ जाता है। संत और मनीषी इसे 'ब्रह्मवृक्ष' कहते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो पलाश के त्रिपत्र (तीन पत्ते) ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक माने जाते हैं।

## सहारनपुर में दो लड़कियों ने लिखा, हिंदू रक्षा दल बोला- टैक्स नहीं देते तो चलेंगे क्यों

# 'यह सड़क मुसलमानों के लिए नहीं'

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। सहारनपुर में दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर 'यह सड़क मुसलमानों के लिए नहीं है' लिखने का मामला सामना आया है। हिंदी और अंग्रेजी भाषा में भड़काऊ बातें हिंदू रक्षा दल की महिला कार्यकर्ताओं ने लिखीं। घटना का 59 सेकेंड का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दो लड़कियां हाईवे किनारे रेलिंग पर स्प्रे से लिखती नजर आ रही हैं। एक युवक घटना का वीडियो बनाता दिख रहा है। गुरुवार को हुई घटना बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र के डाट मंदिर के पास की बताई जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद सहारनपुर पुलिस अलर्ट हो गई है। कहा- मामले की जांच की जा रही है।



वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कराई जा रही है। उधर, हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने मामले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह उनकी महिला कार्यकर्ताओं ने लिखा है। जब मुसलमान सड़क पर चलने का टैक्स नहीं देते, तो वे सड़क पर क्यों चलते हैं? सोशल मीडिया पर 59 सेकेंड का एक वीडियो पोस्ट किया गया। इसमें दो युवतियां स्प्रे पेंट से रेलिंग पर लिखती नजर आ रही हैं। गले में भगवा गमछा डाले युवतियां गुरुवार देर शाम नेशनल हाईवे-72A (एलिवेटेड रोड) पर पहुंचती हैं। सीमेंटेड ब्लॉक और शेड पर लिखना शुरू कर देती हैं। एक युवती अंग्रेजी में लिख रही है- 'This road is not allowed for Muslims.' जबकि दूसरी हिंदी में लिख रही है- 'यह सड़क मुसलमानों के लिए नहीं है।' लिखने के बाद युवतियां 'जय श्रीराम' का नारा लगाती हैं। घटना बिहारीगढ़ थानाक्षेत्र में सहारनपुर बॉर्डर के मोहण्ड के पास बने एलिवेटेड रोड की बताई जा रही है। वीडियो के आखिर में लाल रंग की स्विफ्ट कार दिख रही है। गाड़ी पर उत्तराखंड की नंबर प्लेट है।

### मुस्लिमों की पिटाई भी कर चुका है दल

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद संगठन ने वीडियो जारी कर कहा था कि देहरादून में कहीं भी कश्मीरी मुसलमान दिखेगा, तो उसका इलाज किया जाएगा। सुबह 10 बजे से हिंदू रक्षा दल की टीम अलग-अलग इलाकों में जाएगी। हम अब सरकार के भरोसे नहीं बैठेंगे। अगस्त, 2024 में संगठन के अध्यक्ष पिंकी चौधरी और कुछ सदस्यों ने गाजियाबाद की झुग्गी बस्ती में मुसलमानों को बांग्लादेशी बताकर पीटा। झुग्गियों में तोड़फोड़ की और सांप्रदायिक नारे लगाए थे। तब पुलिस ने पिंकी चौधरी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। कुछ महीने बाद उसे जमानत मिल गई थी।

तलवार बांटने वाले हिंदू रक्षा दल के सदस्य थे। 6 जनवरी को पुलिस ने इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी को बेटे के साथ अरेस्ट कर लिया था। 10 आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए थे।



### गाजियाबाद में बांटी थीं तलवारें

29 सितंबर, 2025 को 21 सेकेंड का एक वीडियो सामने आया था। यह गाजियाबाद के शालीमार गार्डन एरिया का था। इसमें दिख रहे लोगों के हाथ में तलवारें और फरसे थे। भारत माता की जय का नारा लगाते हुए सभी एक घर के सामने रुकते हैं। घर से बाहर निकले शख्स को तलवार थमाते हैं। उनसे कहते हैं- ये आपकी बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए।

# रबी कृषि निवेश मेला आयोजित

## मंत्री सुरेश राही और विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने किया शुभारंभ

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। विकास खण्ड निंदूरा के ग्राम पंचायत रैंगवा स्थित ग्राम रसूलपुर में शुक्रवार को कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजनांतर्गत विकास खण्ड स्तरीय रबी कृषि निवेश मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही और कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. समीर पांडेय, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. विनोद कुमार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान और महिला कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मंत्री और विधायक ने कृषि, गन्ना, मत्स्य, उद्यान एवं पशुपालन विभागों तथा निजी विक्रेताओं द्वारा लगाए गए



स्टालों का अवलोकन किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह ने किसानों को विभागीय योजनाओं और मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार ने फसलों में कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए आई.पी.एम. तकनीकों की जानकारी देते हुए भूमिशोधन और बीजशोधन को अनिवार्य बताया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने, मौसम परिवर्तन से पशुओं में होने वाले रोगों की रोकथाम तथा मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने किसानों से संतुलित उर्वरक उपयोग और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील करते हुए कहा कि इससे उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार होगा और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी कम होंगे। राज्य मंत्री सुरेश राही ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बाराबंकी के किसान प्रगतिशील हैं और फसल चक्र एवं विविधीकरण अपनाकर उन्नत खेती कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर किसानों को अनुदान पर सोलर लाइट ट्रैप भी वितरित किए गए।कार्यक्रम के अंत में कृषि विशेषज्ञ अशोक कुमार मिश्रा ने किसानों से नई तकनीकों का उपयोग कर उत्पादन बढ़ाने की अपील करते हुए अतिथियों, अधिकारियों, किसानों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

फास्ट न्यूज

### युवती के साथ हूआ गैंगरेप

वाराणसी। वाराणसी में एक युवती के साथ 5 युवकों ने गैंगरेप किया। एक युवक की प्रेमिका उसे मोबाइल बनवाने के बहाने घर से बुलाकर ले गई। वह उसे गंगा किनारे लेकर पहुंची, जहां उसे नशीली चाय पिलाई। उसके बाद पांचों युवकों ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया। फिर बदहवास हालत में उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। रात होते ही जब युवती घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने उसकी सहेली से संपर्क किया, लेकिन उसने कुछ जानकारी नहीं दी।

### कोडीन कफ सिरप मामले में 25 हजार इनामी पिता-पुत्र गिरफ्तार

वाराणसी। कोडीन कफ सिरप माफिया शुभम जायसवाल के सहयोगी सिंडिकेट इंटरप्राइजेज के प्रोप्राइटर मनोज यादव और उसके बेटे लक्ष्य यादव को वाराणसी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान इस मामले में बनाई गयी SIT के भी अधिकारिय मौजूद रहे। दोनों को गुरुवार देर रात पुलिस ने रामनगर थानाक्षेत्र के टेंगरा मोड़ से गिरफ्तार किया। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम भी घोषित था। जैतपुरा निवासी दोनों बाप-बेटे पर फर्जी ई-वे बिल के जरिए कफ सिरप की खरीद फरोख्त का मामला दर्ज है।

### बच्चों की सेहत बिगाड़ रहा बदलता मौसम

वाराणसी। ठंड का मौसम जा रहा है और गर्मी की शुरूआत होने लगी है। दिन में तेज धूप से लोगों को गर्मी का आभास होने लगा है और आधी रात के बीच हल्की ठंड बच्चों की सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। यही कारण है कि श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय के बाल रोग विभाग की OPD में आने वाले बीमार बच्चों में ज्यादा बच्चे ऐसे हैं जो बदलते मौसम के चलते बीमार हुए हैं।

# होली से पहले खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

## एक लाख से अधिक के खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरी पर शिकंजा कसते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामार अभियान चलाया। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नवाबगंज तथा सहायक आयुक्त के नेतृत्व में 26 फरवरी को की गई। अभियान के तहत लखपेड़ा-बाग स्थित मेसर्स बाला जी घी स्टोर से घी के दो नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। वहीं नबीगंज स्थित मेसर्स रवि ट्रेडर्स से वंश ब्रांड सरसों तेल और रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने लिए गए। जांच के दौरान संदिग्ध प्रतीत होने पर रवि ट्रेडर्स से मयूर वनस्पति के 10 टिन (कीमत 39,000



रुपये), बिस्किन वनस्पति के 24 टिन (कीमत 53,340 रुपये) और बेकरी शॉर्टनिंग के 14 जार (कीमत 32,900 रुपये) को विक्रय से प्रतिबंधित कर दिया गया। इस प्रकार कुल 1,25,000 रुपये से अधिक मूल्य के खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई गई। इसी क्रम में हैदरगढ़ स्थित हरी ट्रेडर्स से पनीर और छेना के नमूने जांच के लिए संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे गए, जबकि रामनगर के गिरीं चौराहा से खोया का नमूना लिया गया।

## फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, आत्महत्या या साजिश-हर पहलू से जांच में जुटी पुलिस

# सुनसान मकान में पेड़ से लटके मिले युवक-युवती के शव



तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब हेतमापुर–सूरतगंज मार्ग के पास स्थित एक सुनसान मकान परिसर में अमरूद के पेड़ से युवक और युवती के शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटके मिले। घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के दसवंतपुर गांव निवासी 22 वर्षीय हसनैन पुत्र उस्मान और 17 वर्षीय युवती के रूप



में हुई है। बताया जा रहा है कि जिस मकान परिसर में शव मिले, वह काफी समय से खाली पड़ा था और वहां कोई निवास नहीं करता था। उक्त मकान मारूफ नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल को सुरक्षित कर पेड़, जमीन और मकान परिसर से विभिन्न नमूने एकत्र किए।

### बच्चे की नजर पड़ने पर हुआ खुलासा

परिजनों के मुताबिक युवती गुरुवार शाम करीब चार बजे से लापता थी। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन देर रात तक कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह एक स्थानीय बच्चे ने मकान परिसर में झांककर देखा तो अमरूद के पेड़ से दोनों के शव फंदे से लटके दिखाई दिए।

इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मोहम्मदपुर खाला थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आत्महत्या की आशंका, लेकिन सभी पहलुओं की जांच जारी

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है। प्रेम प्रसंग, पारिवारिक दबाव या अन्य कारणों को भी जांच के दायरे में रखा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### घटना ने खड़े किए कई सवाल

इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका जवाब फिलहाल स्पष्ट नहीं है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि बंद पड़े मकान परिसर में युवक-युवती कैसे पहुंचे, अमरूद की पतली डाल पर दोनों शव कैसे लटके मिले, जबकि उनके पैर जमीन को छू रहे थे।

## महराजगंज में बोली- शादी नहीं करनी थी तो प्यार क्यों किया?


# प्रेमी से शादी के लिए 250 फीट टावर पर चढ़ी

तमसा संकेत, एजेंसी

महराजगंज। महराजगंज में प्रेमी से शादी करने की जिद में युवती 250 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। बताया- वह गांव के युवक से 12 साल से प्यार करती है। अब वह शादी से भाग रहा है। पुलिस और गांववालों ने समझाया तो कहा- अगर प्रेमी नहीं आया तो उसके नाम का जहर खा लूंगी। इसके बाद उसने एक पर्ची नीचे फेंकी। इस पर प्रेमी और उसके घरवालों के मोबाइल नंबर थे। इसके अलावा उस पर लिखा था- फारुक, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। अगर आप भी मुझसे प्यार करते हो तो क्यों भाग रहे हो? जीना चाहते हो तो क्यों भाग रहे हो? भागने से कुछ नहीं होगा। वापस आ



जाओ। 12 साल से प्यार किया, अब भाग गए। अगर शादी नहीं करनी थी तो प्यार क्यों किया? अगर तुम नहीं आए तो मैं तुम्हारे नाम पर जहर खा लूंगी। नहीं तो वापस आ जाओ। जीने का मन नहीं करता है। यार, तुम फंस जाओगे। प्रेमिका की जिद पर पुलिस ने प्रेमी को फोन कर बुलाया। सुबह करीब साढ़े 9 बजे वह पहुंचा। प्रेमिका को समझाया। लेकिन वह नहीं मानी। कहा- मेरे नीचे उतरते ही अगर तुम फिर से भाग गए तो। इसपर पुलिसवालों ने कहा- हम तुम्हारा निकाह यही कराएंगे। तुम नीचे आ जाओ। पुलिस के आश्वासन पर युवती मानी और नीचे उतरी। शुक्रवार का यह मामला निचलौल थाना क्षेत्र के डोमा काटी गांव का है। करीब 5 घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद युवती नीचे उतरी। इसके बाद पुलिस ने युवती और उसके प्रेमी को हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। परिजन के अनुसार, युवक-युवती के प्रेम प्रसंग की जानकारी होने के बाद एक साल पहले शादी तय कर दी गई थी। युवक ने तीन दिन पहले शादी से इनकार कर दिया था।



यह पर्ची लड़की ने टावर से नीचे फेंकी थी।

**जोरा ने बताया कि प्रेमी फारुक उसे छोड़कर नेपाल भाग गया है। दोनों की शादी तय हुई थी। लेकिन उसने तोड़ दी। पुलिस ने जब फारुक के बारे में जानकारी मांगी तो उसने एक पर्ची नीचे फेंकी। पर्ची में फारुक और उसके घर वालों के नंबर लिखे थे। पुलिस ने फारुक और उसके घर वालों को फोन किया। घर वालों ने बताया कि फारुक नेपाल में है।**

# बंद कमरे में युवक ने बेल्ट से फंदा लगाकर दी जान

## पत्नी से विवाद के बाद अवसाद में था युवक, परिजनों की तहरीर पर पुलिस जांच में जुटी

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में शुक्रवार की भोर एक 28 वर्षीय युवक ने बंद कमरे के अंदर बेल्ट से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक के ससुराल पक्ष पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मदपुर खाला निवासी बाबू उर्फ सलीम के पुत्र हलीम की शादी रेहाना से हुई थी। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह पूर्व हलीम अपनी पत्नी को लेने उसके मायके इटौला, थाना महमूदाबाद, जनपद सीतापुर गया था। आरोप है कि वहां पत्नी रेहाना, उसकी मां कमरूल, भाई



शब्बीर, उसकी पत्नी और ससुर अमीर हसन ने हलीम के साथ मारपीट की और दोबारा वहां न आने की बात कही। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हलीम वापस अपने घर लौट आया, लेकिन इस घटना के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान और अवसाद में रहने लगा था। परिजनों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह रोजे के चलते हलीम ने परिवार के साथ सेहरी की और इसके बाद अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब परिजनों ने देखा तो वह कमरे में बेल्ट के सहारे फंदे से लटका हुआ था। आनन-फानन में परिजन उसे फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अभिषेक : गले में नरमुंड, हाथ में कपाल, डीजे पर झूमते युवाओं ने खेली चिता भस्म

# काशी के हरिश्चंद्र घाट पर मसाने की होली

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर मसाने की होली खेली जा रही है। बाबा मसाननाथ के अभिषेक और आरती के बाद भस्म की होली शुरू हुई। लोग डीजे पर बज रहे भजन और गानों पर नाच रहे हैं। हरिश्चन्द्र घाट पर बड़ी संख्या में लोग अघोर वेश भूषा में पहुंचे हैं। घाट पर चिता की राख और अबीर-गुलाल के साथ होली खेली जा रही है।

कुछ लोग शरीर पर चिता भस्म लपेटे और गले में नरमुंडों की माला पहन कर पहुंचे हैं। मसाने की होली देखने के लिए देशभर से हजारों लोग काशी पहुंचे हैं। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी घाट पर नजर आ रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से काफी पुलिस बल



तैनात किया गया है। हरिश्चंद घाट पर दोपहर 12 बजे से ही लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। लोग नरमुंड की माला और गले में सर्प लटकाकर इस होली में शामिल हुए।

1 बजे से घाट पर मसाने की होली शुरू हुई। चिता भस्म की होली कवर करने के लिए बड़ी संख्या में यूट्यूबर भी पहुंचे हैं। यूट्यूबर ड्रोन कैमरे से मलाने की होली के विजुअल बना रहे हैं। मणिकर्णिका घाट पर शनिवार को चिता भस्म की होली पर खेली जाएगी। मसाने की होली प्राचीन है और इनका उल्लेख परंपरागत प्रपत्रों एवं स्थानीय इतिहासकारों के अभिलेखों से प्राप्त होता है। अघोर परंपरा के लोग शिव के उपासक हैं। उनके लिए मसाने की होली खास होती है।

पारंपरिक साक्ष्यों के अनुसार, मसाने की होली संगठित एवं उत्सवी स्वरूप में करीब 350 साल पहले बाबा कालभैरव के तत्कालीन पीठाधिपति अघोरी उमानाथ, बाबा कीनाराम महाराज के प्रधान शिष्य बाबा बीजाराम और नाथ परंपरा के प्रसिद्ध संत योगी दीनानाथ के संयोजन में मसाने की होली शुरू हुई थी। हरिश्चंद्र घाट पर बाबा महाकाल और पार्वती के वेष में कलाकार मौजूद हैं।

अवधूत भजनों पर नृत्य हो रहा है। घाट पर एक तरफ चिताएं जल रही हैं तो दूसरी ओर रंग-गुलाल उड़ाया जा रहा है। पीड़ा और उल्लास के रंग मन में विरक्ति के भाव जगा रहा है। हरिश्चंद्र घाट पर मसाने की होली में डमरू दल शामिल हुआ। हर हर महादेव और हर हर गंगे के जयघोष गूंज रहे हैं। घोरपीठ के पीठाधीश्वर कपाली बाबा (काले कपड़ों में) हरिचंद्र घाट पहुंच चुके हैं। वे लोगों के साथ चिता भस्म से होली खेलेंगे।

### श्रद्धालु बोले- अंदाजा नहीं था इतना मजा आएगा

गुजरात से वाराणसी पहुंची श्रद्धालु नेहा ने बताया कि बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आए थे। हमें जानकारी नहीं थी कि आज रंगभरनी एकादशी भी है। जब पता चला तो उत्सव देखने के लिए रुक गए। बहुत अच्छा लग रहा है। पता नहीं था इतना मजा आएगा।



# जिला जज ने किशोरी सम्प्रेक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण

## स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और कौशल विकास को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी, श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने आज राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती शिवानी रावत, सिविल जज सी0डि0/सचिव के अतिरिक्त सुश्री आकांक्षा गुप्ता अतिरिक्त मजिस्स्ट्रेट तृतीय, जिला प्रोबेशन अधिकारी बाराबंकी उपस्थित रहें। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्था में रह रही बालिकाओं/किशोरियों को मिल रही सुविधाओं, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना था। इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने बारीकी से सम्प्रेक्षण



गृह किशोरी का निरीक्षण करते हुए प्रभारी अधीक्षिका एवं अन्य स्टाफ को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए, ताकि संस्थागत बालिकाओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। सभी बालिकाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की बीमारी या आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सा अधिकारी से समन्वय बनाए रखने पर बल दिया गया। बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इस पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षण सामग्री में सुधार तथा नियमित कक्षाओं के संचालन हेतु निर्देशित किया गया। बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण (कौशल विकास) से जोड़े जाने पर बल दिया गया। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएं, जिससे संस्था से बाहर जाने के बाद वे रोजगार से जुड़ सकें। बालिकाओं के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए उनकी दिनचर्या में योग और ध्यान को अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए गए। इससे उनमें अनुशासन और एकाग्रता बढ़ेगी। बालिकाओं के बहुमुखी विकास के लिए खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

## मकान मालिक ने बाथरूम में किया बंद ■ लाठी-डंडे लेकर पहुंचे लोग

# मुरादाबाद में छत के रास्ते घुसा तेंदुआ

**हड़कंप**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मुरादाबाद । मुरादाबाद के एक घर में शुक्रवार सुबह तेंदुआ घुस आया। उसे देखकर मकान मालकिन घबरा गईं और चिल्लाते हुए घर से बाहर भागीं। कुछ देर घर में घूमने के बाद तेंदुआ बाथरूम में जा घुसा।

हिम्मत दिखाते हुए महिला के बेटे ने बाथरूम का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। उधर, तेंदुआ घुसने की खबर फैलते ही कॉलोनी में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोग लाठी-डंडे लेकर घर के बाहर जमा हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व की टीम को भी बुलाया गया।



यह घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हरथला गंगा मंदिर मोहल्ले की है। टाइगर रिजर्व की टीम ने करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद उसे पकड़ा।

### छत की ओर से घर में घुसा तेंदुआ

शहर में सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट को जाने वाले रास्ते के सामने मेघराम सिंह का घर है। यहां वह अपने बड़े भाई हुकुम सिंह के साथ रहते हैं। दोनों भाई खेती करते हैं। परिजन के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 7:25 बजे तेंदुआ छत के रास्ते घर में घुस आया और सीढ़ियों से नीचे उतर गया। उस समय मेघराम की मां शकुंतला देवी सीढ़ियों के पास पड़ी चारपाई पर बैठी थीं। मेघराम कमरे में थे। पत्नी सुमन रसोई में चाय बना रही थीं। दोनों बेटे सुमित और सौरभ दूसरे कमरे में सो रहे थे। जबकि बड़े भाई हुकुम सिंह दूध पहुंचाने घर से बाहर गए हुए थे। सीढ़ियों से तेंदुआ को उतरता देख शकुंतला देवी घबरा गईं और वह चिल्लाकर भागीं। परिजन को चिल्लाकर बताया। घबराकर सब निकले तबतक वह बाथरूम में जा घुसा था। मेघराम ने हिम्मत करके बाथरूम का दरवाजा बाहर से लॉक कर दिया। तबतक मोहल्ले के लोग दौड़े पहुंचे।

पुलिस टीम पहुंची तो काफी भीड़ पहले से मौजूद थी। भीड़ को देखकर कहीं तेंदुआ उग्र न हो जाए इसलिए सबसे पहले भीड़ को हटाया गया। पुलिस के अनुसार, तेंदुआ



करीब एक साल का है।

मेघराम के बड़े भाई हुकुम सिंह ने बताया- तड़के करीब 4 बजे से इलाके में तेंदुए के आने की चर्चा थी। कुछ लोगों ने मोहल्ले की छतों पर उसे घूमते हुए देखा था। इलाके में रहने वाले मुस्लिम परिवार सुबह सहरी के लिए जागे तो उन्होंने तेंदुए की आहट सुनी। कई लोगों ने उसे छतों पर भी देखा। इसी दौरान तेंदुआ गंगा मंदिर में भी दिखाई दिया, जिससे लोगों में घबराहट फैल गई।

**सूचना के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व से रेस्क्यू टीम पहुंची। टीम ने सबसे पहले पूरे घर और इलाके को खाली कराया। इसके बाद टीम उसे पकड़ने की कवायद शुरू की। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद उसे पकड़ा जा सका। टीम ने बताया- सबसे पहले तेंदुए को ट्रैंकुलाइजर की मदद से बेहोश किया गया। फिर उसे जाल में लपेटकर पिजड़ें में बंद किया।**

## स्टेशनरी और स्कूल बैग पाकर खिले सरकारी स्कूल के बच्चों के चेहरे

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा, चौमुहां । नगर पंचायत अध्यक्ष सुषमा सिसौदिया ने आर्यमन इंटरप्राइजेज के सौजन्य से उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या पाठशाला प्रथम के बच्चों को स्टेशनरी किट एवं स्कूल बैग वितरित किए । स्टेशनरी किट और स्कूल बैग पाकर बच्चों के चहरे खिल उठे । इस अवसर पर आर्यमन इंटरप्राइजेज ने बच्चों को दिखाने के लिए बुलेट मोटरसाइकिल की प्रदर्शनी लगाई और बुलेट की खूबियों के बारे में बताया । चौमुहां चेयरमैन सुषमा सिसौदिया ने आर्यमन इंटरप्राइजेज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों का कायाकल्प किया है । प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को दोपहर के भोजन के अलावा स्कूल बैग, ड्रैस, जूते, मौजे, किताब-कॉपी आदि पठन-पाठन की सामग्री मुफ़्त उपलब्ध कराई जा रही है । अभिभावकों की आर्थिक स्थिति को देखकर बच्चों को वजीफा भी दिया




जा रहा है । कहा कि भाजपा सरकार में सरकारी स्कूलों के बच्चे अब फर्नीचर पर बैठक पढ़ाई कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि स्टेशनरी किट और स्कूल बैग पाकर खिले बच्चों के चेहरों को देखकर उन्हें काफी सुकून मिला है । स्कूलों में इस तरफ के कार्यक्रम होते रहने चाहिए । बताया कि विद्यालय की अध्यापिकाओं को भी उन्होंने पुरुस्कृत किया है । इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि ऋतिक सिसौदिया , हरेंद्र सिसौदिया दीपक भाटी,भूरी सैनी, वीरू मुखिया, प्रधान अधयापक कृष्णा सिंह , प्रेमलता सैनी आदि उपस्थित रहे ।

**फास्ट न्यूज**

### 200 क्विंटल चीनी से बनाई मिठाई, 10 करोड़ की टैक्स-चोरी

कानपुर। स्टेट GST की विशेष टीम (SIB) ने कानपुर के कल्याणपुर स्थित मधुरम स्वीट्स पर छापेमारी की। करीब 10 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की आशंका जताई है।

सूत्रों के अनुसार, जांच में सामने आया कि फर्म ने 200 क्विंटल यानी 20 हजार किलो चीनी की खरीद दिखाई, लेकिन कागजों में 20 हजार किलो मिठाई की बिक्री ही दिखाई।

### 12 बैंकों से ढाई साल में निकाले 1600 करोड़

कानपुर । कानपुर के श्याम नगर में हुई 8 लाख की लूट के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को अरेस्ट किया है। जिनसे लूट हुई थी उनका नाम वासिद और अरशद है। दोनों टेनरी कारोबारी महफूज के लिए कैश कैरियर्स का काम करते हैं।

जांच में पता चला कि महफूज के कानपुर 12 बैंकों के 68 खाते हैं। इन खातों से ढाई साल में करीब 1600 करोड़ कैश निकाला गया है। लूट वाले दिन महफूज के खाते से 3.20 करोड़ रुपए निकाले गए थे। पुलिस का कहना है कि इतनी बड़ी रकम का लेन-देन मनी लॉन्ड्रिंग, टैक्स चोरी या अन्य संदिग्ध गतिविधियों से जुड़ा हो सकता है।


### पर्यटन मंत्री के भाषण के दौरान बिजली गुल


आगरा । आगरा में गीता-गोविंद वाटिका का लोकार्पण करने आए यूपी के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री व आगरा के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह के भाषण के बीच में ही बिजली गुल हो गई। ऐसे में उन्हें बिना साउड सिस्टम के लिए 15 मिनट तक भाषण देना पड़ा। इस बीच बैटरी बैकअप वाला स्पीकर भी मंगाया गया, लेकिन भी दगा दे गया।

# एमआईईटी में वार्षिक उत्सव कोलाहल में रॉकिंग परफॉर्मेंस

## बैटल ऑफ बैंड की धुन से सांस्कृतिक संध्या सुरमई बनी







**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। एमआईईटी में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव ₹कोलाहल 2026₹ का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कैंपस निदेशक प्रो. डॉ. एस.के. सिंह, डीन एकेडमिक डॉ. संजीव सिंह,डॉ मधुबाला शर्मा,डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर,मीडिया हेड अजय चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके उपरांत, सभी अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर कोलाहल 2026 का औपचारिक उद्घाटन किया। कोलाहल की शुरुआत सरस्वती वंदना, गणेश पूजा और विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियों के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक नृत्यों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी कविताओं का जादू चलाया । कवि शंभू शिखर, डॉ पीके आजाद, खुशबू शर्मा, प्रवीण शुक्ल ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी । सभी ने अपनी कविताओं से छात्रों को विभिन्न मुद्दों पर तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया।

कोलाहल में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक बॉलीवुड और हॉलीवुड के नए पुराने गीत म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के साथ गाए और सभी गायकों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। ग्रुप डांस की धमाकेदार प्रस्तुति में छात्रों को तालियां बजाने पर मजबूर किया। शाम में कार्यक्रम बैटल ऑफ बैंड प्रतियोगिता रही । जिसमें विभिन्न कॉलेजों से 6 टीमों ने भाग लिया ।

## मोबाइल पर आया मैसेज, लिखा- बनारस कचहरी को बम से उड़ा देंगे, तुम्हें भी

# शंकराचार्य के वकील को जान से मारने की धमकी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

वाराणसी । शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उनके मोबाइल पर भेजे गए SMS से दी गई है। जिसमें वाराणसी कचहरी को भी बम से उड़ाने की धमकी है। फिलहाल इस संबंध में एडवोकेट श्रीनाथ त्रिपाठी ने आला अधिकारियों को सूचना दी है।

इस बारे में अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने कहा- आज सुबह जब मैं सोकर उठा, उसके बाद अपने मोबाइल के संदेश चेक कर रहा था। इसी दौरान मुझे एक धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें लिखा था कि वाराणसी कचहरी को उड़ा देंगे, तुम्हें




भी। इसके बाद मैंने इसकी सूचना डीएम और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को दी। सूचना मिलते ही पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

करीब 3 बार कचहरी में मेल के जरिए संदेश आया है। आज हमें चौथी बार ऐसा संदेश मिला है। इस तरह की सूचनाएं कई जिलों में भेजी गई हैं। पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि ऐसी सूचनाएं बंद हों। इन संदेशों से कचहरी का माहौल तनावपूर्ण हो गया है और काम प्रभावित हो रहा है।

**बता दें कि पिछले 14 दिनों में यह चौथा मौका है। जब वाराणसी कचहरी को उड़ाने की धमकी दी गई है। फिलहाल जांच एजेंसियां इस मैसेज के बाद अलर्ट हैं। बता दें कि मंगलवार को भी धमकी भरा ईमेल मिला था। जिसके बाद सघन तलाशी अभियान जिला एवं सत्र न्यायालय वाराणसी में चलाया गया था।**

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के हैं अधिवक्ता

बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य और वाराणसी कचहरी में फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी भरा एसएमएस मिलने से हड़कंप मच गया। बता दें शंकराचार्य के ऊपर लगे पाक्सो एक्ट के मामले को श्रीनाथ त्रिपाठी देख रहे हैं। ऐसे में उनको मैसेज आने के बाद अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। फिलहाल वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट मोड में है।

### कचहरी को भी दी बम से उड़ाने की धमकी

श्रीनाथ त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी भरे मैसेज में ही वाराणसी कचहरी को भी एक बार फिर धमाकों से दहलाने की धमकी दी गई है। यह पिछले 14 दिनों में चौथी बार है। ऐसे में स्थानीय पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में है। अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने बताया - रात ढाई बजे उनके मोबाइल पर एक एसएमएस आया है जिसमें उन्हें और कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

## योगी सरकार के मंत्री ने विरोध किया, कई अफसरों की पोल खुल सकती है

# मायावती के इकलौते विधायक पर रेड से नई सियासत शुरू

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानों पर इनकम टैक्स की छापेमारी से यूपी में नई सियासत शुरू हो गई है। योगी सरकार में मंत्री और उमाशंकर सिंह के समधी दिनेश प्रताप सिंह ने छापेमारी को राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बताया है।

यूपी की सियासत में बीते तीन सालों से उमाशंकर सिंह सबसे ताकतवर विधायक माने जाते हैं। बसपा के विधायक होने के बाद भी सत्ता और शासन में उनका दबदबा किसी कैबिनेट मंत्री से कम नहीं है।

खासतौर पर PWD (लोक निर्माण विभाग) और खनन महकमें में उनकी हनक है। सरकार भले ही भाजपा की हो, लेकिन दोनों विभागों में उनका भौकाल किसी से छिपा



नहीं है। कहा जा रहा है कि छापेमारी के बाद कई अफसरों की पोल खुल सकती है।

उनकी सियासी ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की विधानसभा में एक ब्रिज का उद्घाटन करा दिया, दयाशंकर सिंह ने आपत्ति उठाई तो उन्हें बाहरी करार दे दिया। उमाशंकर सिंह के खिलाफ इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई की टाइमिंग को लेकर भी सवाल

### अखिलेश ने भी बचाव किया

सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी उमाशंकर पर कार्रवाई का विरोध किया है। उन्होंने कहा,सवाल यह नहीं कि उमाशंकर बसपा के इकलौते विधायक हैं, उन पर छापा पड़ा है। भाजपा का कोई है तो उस पर छापा नहीं पड़ता है, भाजपा को खुश कर दो छापा नहीं पड़ेगा।

खड़े हो रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा, 'आईटी वालों को नाम कौन बताता है,

**66 सीएम योगी आदित्यनाथ के विदेश दौरे के दौरान एकाएक उनके ठिकानों पर आयकर के छापों ने न केवल राजनीतिक हलचल मचा दी, बल्कि सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि एकाएक उमाशंकर पर छापामार कार्रवाई करनी पड़ी।**

### मायावती खुलकर सामने आईं

राजनीतिक विश्लेषक आनंद राय मानते हैं, यह पहला मौका है जब मायावती खुलकर बचाव में आई हैं। उन्होंने X पर पोस्ट कर कहा, 'उमाशंकर सिंह जबसे BSP में आए हैं, उन्होंने पूरी ईमानदारी और निष्ठा से जिम्मेदारी निभाई है, आज तक इनके क्षेत्र से इनके बारे में किसी भी प्रकार की अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करने या अन्य कोई गलत कार्य करने की शिकायत नहीं आई है।'

उनके यहां छापा इसलिए पड़ा है कि कुछ लोग जापान गए हैं।

# श्री श्याम लाडला परिवार 7 मार्च को मनाएगा भव्य श्याम फाग महोत्सव

- **कार्यक्रम का आयोजन अग्रवालिका, मसानी बाईपास लिंक रोड, मथुरा में किया जाएगा।**
- **कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 10 बजे बाबा श्याम का अभिषेक पूजन तथा सायं 6 बजे से भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन होगा।**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा । श्री श्याम लाडला परिवार के तत्वावधान में श्री श्याम प्रभु के मंदिर स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य श्याम फाग महोत्सव का आयोजन आगामी 7 मार्च 2026, शनिवार को किया जाएगा। आयोजकों द्वारा गुरुवार शाम 7:30 बजे दी गई जानकारी के अनुसार महोत्सव में बाबा श्याम का आकर्षक एवं अलौकिक दरबार




सजाया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम में भक्ति एवं फाग रस से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे श्रद्धालु श्याम भक्ति में सराबोर होंगे।

भजन संध्या में दिल्ली से भावना स्वरांजली, गाजियाबाद से सिद्धांत राज तथा आगरा से अंकित बंजारा सहित कई प्रसिद्ध भजन गायक अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के शामिल होने की संभावना है। श्री श्याम लाडला परिवार ने समस्त श्रद्धालुओं एवं श्याम प्रेमियों से सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी उपस्थित रहेंगे। उपस्थित पदाधिकारी महंत भवानी गिरी प्रियंक मल्होत्रा अंकुर गोयल शिवम गर्ग अंशुल गोयल लवकेश अग्रवाल सौरभ अग्रवाल तरुण अग्रवाल शुभम पिपलिया मनोज अग्रवाल, उमेश भदौरिया आदि लोगों उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### केजरीवाल बाइज्जत ...

एक समय AAP के टॉप 5 नेता जेलमें थे, लेकिन आप कुछ नहीं बिगाड़ सके। अब तो केवल कत्ल कराकर ही केजरीवाल को कंट्रोल कर सकते हैं।

केजरीवाल ने कहा- आप जान रहे हैं कि बीते 4 साल से ED, CBI और अन्य संस्थाओं की मदद से हमारे ऊपर शराब घोटाला का केस चला। आज कोर्ट को फैसला लेना था कि मुकदमा चलाया जाए कि नहीं। क्या पर्याप्त सबूत हैं। कोर्ट ने लगभग 600 पेज के आदेश में कहा कि इतना भी सबूत, बयान नहीं है कि इस केस में मुकदमा चलाया जा सके। अगर केस चलता तो सबूत रखे जाते लेकिन कोर्ट ने कहा कि इतना फर्जी, बेकार केस है कि इसमें एक भी सबूत और गवाह नहीं है। ये पूरा षड्यंत्र किसने रचा आपको पता है। ये नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने रचा। बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने रोते हुए कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। इन्होंने झूठा केस लगाया।

### केजरीवाल बोले-...

नेताओं को फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उनकी चमड़ी मोटी है। लेकिन मैं कोई नेता नहीं हूं। मुझे फर्क पड़ता है। मेरे परिवार पर पत्थर उछाले गए, मुझे फर्क पड़ता है।

केजरीवाल ने कहा- आज मेरे दिल से बड़ा बोझ उतर गया है। एक समय AAP के टॉप 5 नेता जेलमें थे, लेकिन कुछ नहीं बिगाड़ सके। अब तो केवल कत्ल कराकर ही केजरीवाल को कंट्रोल कर सकते हैं। बिना कत्ल कराए ये लोग केजरीवाल को संभाल नहीं सकते हैं।

### बंगाल के कई जिलों...

इसकी तीव्रता 5.5 दर्ज की गई। सतखीरा कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर और नॉर्थ 24 परगना जिले से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

कोलकाता में भूकंप के बाद करीब एक घंटे तक सड़कों और खुले जगहों पर अफरातफरी की स्थिति रही। सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिसमें भूकंप के दौरान घरों में रखे सामान और पंखे हिलते दिखाई दिए। टेबल पर बोतल में रखा पानी भी हिल रहा था। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोग दहशत में रहे। अब तक जानमाल के नुकसान या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। हालांकि कोलकाता में कुछ ऑफिस के कर्मचारियों ने दावा किया कि झटकों के कारण दीवारों में दरारें आ गईं। बेहाला इलाके में सड़क के एक बड़े हिस्से में दरारें और धंसने की घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह नुकसान भूकंप के झटकों की वजह से हुआ। दोपहर के बाद तत्काल कोई आफ्टरशॉक महसूस नहीं किया गया।

### शंकराचार्य ...

उन्होंने अपने आदेश में पुलिस से कहा था कि वो पॉक्सो एक्ट के तहत निष्पक्ष रूप से इस मामले की जांच करें। साथ ही कोर्ट ने पीड़ितों की पहचान और सम्मान की सुरक्षा करने का भी आदेश दिया है।

### शंकराचार्य की ...

हाईकोर्ट के फैसले पर शंकराचार्य ने कहा,शंकराचार्य जैसी संस्था को बदनाम करने की कोशिश की गई। आज जो हालात हैं कि अपने भाई पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। सारा अमला भ्रष्ट नहीं हो सकता। कहीं तो कोई होगा, जिसके मन में न्याय होगा। इसलिए संघर्ष जारी रहना चाहिए। पूरे देश का हिंदू समुदाय आशंकित था। उन्हें लगने लगा था कि हमारे गुरु ने क्या गड़बड़ी की है। मुकदमा झूठा बनाया गया था। बटुक कभी आश्रम में नहीं रहे हैं।

### शंकराचार्य बोले...

उससे ये पता चलता है कि इस मामले को बना करके रखा गया है। जितना बड़ा प्रचार किया जा रहा है कि आश्रम में बटुकों का शोषण, गुरुकुल में बटुकों का शोषण इनके यहां होता है। ये जो बात चलाई जा रही थी। उसको तो जो AG है, उन्होंने ने ही समाप्त कर दिया।

उन्होंने ही कह दिया कि आश्रमें ये बटुक रहे ही नहीं। हम लोग पहले से ही कह रहे थे। आज वह बात जनता के सामने प्रमाणित कर दी। जो कहानी बनाई गई थी, वह पूरी तरीके से ध्वस्त हो गई। हिंदू समुदाय बहुत आहत था कि ये क्या हो रहा है। लोगों में तरह- तरह की आशंकाएं थीं। उन लोगों को लगने लगा था कि हमारे गुरु जी ने कुछ गड़बड़ी की है। आज कम से कम प्रथम दृष्टया ही सही, लेकिन सबको पता तो चला। कहीं न कहीं सुनवाई होती है, कहीं न कहीं न्याय होता है।

### यूपी में होली की ...

इससे पहले, 20 फरवरी को योगी सरकार ने 1.70 लाख शिक्षा मित्र और अनुदेशकों को होली से पहले बड़ा तोहफा दिया था। शिक्षा मित्रों को 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार रुपए हर महीने देने का ऐलान किया था। अब तक शिक्षा मित्रों को 10 और अनुदेशकों को 9 हजार रुपए ही मिल रहे थे।

योगी ने विधानसभा में कहा था- सरकार ने शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों के हित में यह कदम उठाया है। पहले सपा सरकार में इन्हें मात्र 3 हजार रुपए मिलते थे। हमारी सरकार ने 2017 में ही 10 हजार किया था।

### इजराइल के लिए...

ओवैसी ने कहा गाजा में 73,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 36,000 छोटे बच्चे और करीब 15,000 महिलाएं थीं। क्या गाजा में मारे गए सभी लोग हमास के सदस्य थे?

हजारों इमारतें गिरा दी गईं और इतना मलबा है कि उसे साफ करने में 10 साल लग सकते हैं। गाजा में जो हो रहा है, क्या उसे आतंकवाद नहीं कहा जाना चाहिए?

शेख हसीना को वापस भेजने से बांग्लादेश के साथ मुद्दे सुलझाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी का इजरायल के प्रति झुकाव विचारधारा से जुड़ा है।

### हिमंता बिस्व सरमा ...

उन्होंने कहा कि देश को कमजोर करने के लिए पाकिस्तान, चीन को आने की जरूरत नहीं है। आप सोशल ताने-बाने को तोड़ रहे हैं।

AIMIM प्रेसिडेंट ने तेलंगाना के वेमुलावाड़ा में एक दरगाह को गिराए जाने, उत्तराखंड के रुद्रपुर और UP के मेरठ में कथित हेट क्राइम, मध्य प्रदेश के जबलपुर में कुछ घरों पर हमलों की खबरों और गुजरात में शादी के लिए माता-पिता की सहमति जरूरी करने वाले एक प्रस्तावित कानून की भी निंदा की।

### भाजपा राजनीतिक ...

बैठक में उपस्थित बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों ने अखिलेश यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के सभी वर्गों को समान अवसर देने का प्रयास किया है और सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूत किया है। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में शिक्षा, छात्र कल्याण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गईं, जिनसे समाज के कमजोर वर्गों को लाभ मिला। फोरम के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए संगठित प्रयास किए जाएंगे। बैठक में समाजवादी पार्टी इन्टलेक्चुअल फोरम के प्रदेश प्रभारी प्रो. शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सहित कई शिक्षाविद और बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

### बालोतरा में ट्रेलर ...

सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) पहुंचाया गया, जहां से 8 घायलों को जोधपुर रेफर कर दिया गया। शवों को बालोतरा के नाहटा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

बालोतरा एसडीएम अशोक कुमार ने बताया- हादसा शाम 4 बजे का है। बस जोधपुर से सांचौर की ओर जा रही थी, जबकि ट्रेलर जोधपुर की ओर आ रहा था।

## मुकेश अंबानी के जामनगर वाले घर पर इवेंट हुआ, 5 मार्च को मुंबई में शादी है

# सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू

■ अर्जुन तेंदुलकर की होने वाली पत्नी सानिया मुंबई के बिजनेसमैन रवि घई की पोती और सनी चंडोक की बेटी हैं।


जामनगर, एजेंसी



सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू हो गए हैं। शुरुआत गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर पर हुई, जहां तेंदुलकर और अंबानी परिवार के सदस्य देसी रंग में नजर आए। सचिन ने इस मौके पर बेटे को लेकर भावुक बात कही। उन्होंने कहा कि जब बेटा किसी लड़की को घर लाकर परिचय कराता है, तब पता चलता है कि बेटा बड़ा हो गया है। अर्जुन और सानिया की शादी 5 मार्च को मुंबई में होने वाली है। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं। तेंदुलकर और चंडोक फैमिली का स्वागत करते हुए नीता अंबानी ने कहा, 'सचिन और अंजलि, आप हमेशा से हमारे परिवार का हिस्सा रहे हैं। आपकी खुशी में शामिल होकर हमारा दिल खुशी से भर गया है। मैंने अर्जुन को एक छोटे बच्चे से एक जिम्मेदार युवक बनते देखा है। आज वह अपने जीवन की सबसे खूबसूरत साझेदारी की शुरुआत करने जा रहा है।' सचिन ने अपने बेटे की शादी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी न्योता दिया है। 10 दिन पहले वे दिल्ली गए थे।

### सचिन बोले- बेटे को प्यार करने वाला जीवनसाथी मिला

कार्यक्रम का सबसे यादगार पल तब था जब सचिन तेंदुलकर ने माइक संभाला। सचिन ने कहा- 'अर्जुन, मुझे तुम पर बहुत गर्व है। जब कोई बेटा, बेटी को घर लाता है और उसका परिचय कराता है तो पिता समझ जाता है कि बेटा अब बड़ा हो गया है। अर्जुन और सानिया एक-दूसरे के प्यार में पागल और बेहद खुश दिख रहे हैं। अर्जुन, तुम्हें ऐसा साथी मिल गया है, जो तुमसे उतना ही प्यार करता है, जितना तुम उससे करते हो।'



■ अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक। सारा एक पैट स्पा सेंटर की डायरेक्टर हैं।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ दो बदलावों के साथ उतरा भारत

### अक्षर-सैमसन की वापसी, तिलक पर भरोसा बरकरार

चेन्नई, एजेंसी



भारत और जिम्बाब्वे के बीच आज टी20 विश्व कप 2026 का सुपर-8 का रोमांचक मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम दो बदलाव के साथ उतरी है। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला करो या मरो की स्थिति वाला है। भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने दोनों मुकाबले जीतने होंगे। जिम्बाब्वे के खिलाफ अहम मुकाबले में भारतीय टीम दो बदलावों के साथ उतरी है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के दौरान बताया कि उपकप्तान अक्षर पटेल को वाशिंगटन सुंदर और संजू सैमसन को रिंकू सिंह की जगह प्लेइंग 11 में शामिल किया गया है। बता दें कि, रिंकू हाल ही में अपने पिता की तबियत जानने के लिए नोएडा लौटे थे। इस दौरान उन्होंने अभ्यास सत्र में भी भाग नहीं लिया था। हालांकि, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया था कि रिंकू शाम तक टीम से जुड़ सकते हैं। कोच सितांशु कोटक ने बुधवार को ही संजू सैमसन की वापसी के संकेत दे दिए थे। उन्होंने कहा था कि शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज यानी ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं जबकि विपक्षी टीमें ऑफ स्पिनर्स का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन को तरजीह देते हुए सैमसन की प्लेइंग 11 में वापसी हुई है। वहीं, टीम प्रबंधन ने खराब स्ट्राइक रेट से जूझ रहे तिलक वर्मा पर भरोसा जताया है।

# मेसी का खुलासा- स्पेन से खेलने का ऑफर ठुकराया

### बोले- भाषा की कमी से कई बड़े लोगों से खुलकर बात नहीं कर सका

मैक्सिको, एजेंसी



अर्जेंटीना के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान लियोनेल मेसी ने अपने करियर और निजी जीवन से जुड़े कई अहम पहलुओं पर खुलकर बात की है। एक मैक्सिकन पॉडकास्ट के दौरान मेसी ने स्वीकार किया कि बचपन में अंग्रेजी न सीख पाना उन्हें अब भी खलता है। 38 वर्षीय मेसी ने कहा, 'मुझे कई बातों का अफसोस है, लेकिन बचपन में अंग्रेजी न सीखना सबसे बड़ा पछतावा है। मेरे पास समय था, मैं पढ़ सकता था। करियर के दौरान मुझे दुनिया की कई बड़ी और प्रभावी हस्तियों से मिलने का मौका मिला, लेकिन भाषा की कमी के कारण मैं उनसे खुलकर संवाद नहीं कर सका। मैं ऐसे पलों में खुद को आधा अनजान महसूस करता था। अमेरिका के मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी के लिए खेल रहे मेसी अब अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और तैयारी के महत्व के बारे में लगातार समझाते हैं। मेसी 13 साल की उम्र में अपने शहर रोसारियो से स्पेन पहुंचे और बार्सिलोना की प्रसिद्ध एकेडमी ला मासिया से जुड़े। उन्होंने भावुक होकर याद किया, 'पूरा मोहल्ला हमें एयरपोर्ट छोड़ने आया था। वे लियो मेसी को नहीं, बल्कि मेसी परिवार को विदा कर रहे थे।' स्पेन में उनका पहला साल बहुत कठिन था। ट्रांसफर नियमों के कारण वे छह महीने तक नहीं खेल पाए और जब खेलने का मौका मिला, तो चोटिल होकर 3 महीने के लिए बाहर हो गए थे। स्पेन में पले-बढ़े और पूरा क्लब करियर वहीं बनाने के कारण मेसी के पास स्पेन की नेशनल टीम से खेलने का विकल्प भी था। उस समय स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन ने उन्हें मनाने की कोशिश की। लेकिन मेसी ने साफ किया कि उनके मन में कभी भ्रम नहीं था। उनका दिल हमेशा अर्जेंटीना के साथ था। करियर के कठिन दौर में जब अर्जेंटीना बड़े टूर्नामेंटों के फाइनल हार रहा था।

# रिंकू सिंह के पिता का निधन

### अस्पताल में कई दिनों से चल रहा था कैंसर का इलाज

नोएडा/अलीगढ़, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा और विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके पिता खानचंद सिंह का लंबी बीमारी के बाद देर रात निधन हो गया। उन्होंने ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि वह स्टेज-4 लिवर कैंसर से पीड़ित थे और पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई थी। परिजनों के अनुसार, खानचंद सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की टीम लगातार उनका इलाज कर रही थी, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हो सका। करीब तीन दिन तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली।



### भारतीय क्रिकेट में बनाई खास पहचान

पिछले कुछ वर्षों में रिंकू सिंह ने भारतीय क्रिकेट में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और मैच जिताऊ पारियों से खास पहचान बनाई है। उनकी शांत स्वभाव, दृढ़ संकल्प और दबाव में शानदार प्रदर्शन करने की क्षमता ने उन्हें टीम इंडिया का भरोसेमंद खिलाड़ी बनाया है। उनके पिता खानचंद सिंह ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया और उनके क्रिकेटर बनने के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि रिंकू सिंह के फैंस और क्रिकेट जगत में भी शोक की लहर है।

### गैस एजेंसी में सिलेंडर वितरण का करते थे काम

रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक गैस एजेंसी में सिलेंडर वितरण का काम करते थे। सीमित आय और आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने अपने बेटे के क्रिकेटर बनने के सपने को पूरा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। रिंकू सिंह की सफलता के बाद भी उनके पिता ने अपना काम जारी रखा और सादगी भरा जीवन जीते रहे। यह उनकी मेहनत और संघर्ष का ही परिणाम था कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने परिवार और बेटे का साथ नहीं छोड़ा।

"अपने शुरुआती दिनों में रिंकू सिंह ने भी अपने पिता के साथ सिलेंडर वितरण के काम में हाथ बंटाया। आर्थिक तंगी और कठिन हालातों के बीच उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की।



## मनोरंजन

# मृणाल ठाकुर ने अल्लू अर्जुन को भेजा बुके

### 'पुष्पा 2' के लिए अवॉर्ड मिलने पर दी बधाई



**मुबंई।** 70वें फिल्मफेयर साउथ अवॉड्र्स में एक्टर अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अल्लू अर्जुन को फूलों का बुके भेजा और एक नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, "सर, फिल्मफेयर में बेस्ट एक्टर अवॉर्ड जीतने पर दिल से बधाई। यह सम्मान आपके लिए पूरी तरह सही है। आपकी मेहनत, गहराई और हर परफॉर्मेंस में दिखने वाली एनर्जी प्रेरित करती है।" अल्लू अर्जुन ने इस बुके की तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की। उन्होंने जवाब में लिखा, "बहुत-बहुत धन्यवाद मृणाल। आपका मैसेज बहुत प्यारा है। उम्मीद है किसी दिन आपके साथ काम करने का मौका मिलेगा।" इससे पहले उन्होंने अवॉर्ड सेरेमनी की भी झलक सोशल मीडिया पर शेयर की थी।

# गौहर खान ने छोटे बेटे फरवान की पहली झलक दिखाई

### मक्का यात्रा की तस्वीरें शेयर कीं, पति जैद दरबार और दोनों बच्चे साथ नजर आए



**मुबंई।** टीवी एक्ट्रेस गौहर खान ने गुरुवार को अपने छोटे बेटे की पहली झलक शेयर की। उन्होंने बेटे की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। यह फोटो उनके परिवार की मक्का यात्रा की हैं। वह अपने पति जैद दरबार और दोनों बच्चों के साथ वहां गई थीं। गौहर खान ने सितंबर 2025 में अपने दूसरे बेटे फरवान को जन्म दिया था। अब उन्होंने रमजान के महीने में मक्का से परिवार की तस्वीरें शेयर की हैं। फोटो में पूरा परिवार साथ नजर आ रहा है। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, "बड़े को काबा से पहला सलाम करवाया था, तो छोटे का सलाम भी बनता है। अस्सलामो अलैकुम खूबसूरत दुनिया, फरवान की तरफ से। हमारे बच्चों को अपनी दुआओं में रखना, जैसे हम पवित्र जगह से दुनिया के लिए दुआ कर रहे हैं।" गौहर की पोस्ट पर पति ज़ैद ने लिखा, "मेरी सबसे बड़ी नेमत, जेहान और फरवान। हमें अपनी दुआओं में याद रखना। आमीन।" तस्वीरें सामने आते ही फैंस ने परिवार को बधाई दी। नकुल मेहता, भारती सिंह, दिव्या अग्रवाल और मुक्ति मोहन ने पोस्ट पर रिएक्ट किया। सितंबर 2025 में कपल ने अपने छोटे बेटे के जन्म की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि बच्चे का जन्म 1 सितंबर को हुआ। नोट में लिखा था, "जेहान अपने छोटे भाई के साथ अपना किंगडम शेयर करने को खुश है। परिवार के लिए प्यार और आशीर्वाद बनाए रखें।"



### करण जौहर बोले- आने वाले साल खुशियों से भरे हों, कृति सेनन-अनुपम खेर ने भी दी शुभकामनाएं

# विजय-रश्मिका को सेलेब्स ने दी शादी की बधाई

### रश्मिका ने पति विजय के लिए स्पेशल पोस्ट लिखा

शादी के बाद रश्मिका और विजय ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटो शेयर की। रश्मिका ने विजय के लिए स्पेशल पोस्ट करते हुए लिखा, मेरे प्रिय लोगों, आपको अपने पति से मिलवाती हूं। वो आदमी जिसने मुझे, सिखाया कि सच्चा प्यार कैसा होता है, वो आदमी जिसने मुझे, दिखाया कि शांति में रहना कैसा होता है,वो आदमी जिसने मुझे, हर दिन कहा कि बड़े सपने देखना बिल्कुल ठीक है और लगातार मुझसे कहा कि मैं उससे कहीं ज्यादा हासिल कर सकती हूं, जितना मैं सोच भी नहीं सकती।वो आदमी जिसने, मुझे कभी ऐसे नाचने से नहीं रोका जैसे कोई देख नहीं रहा हो..वो आदमी जिसने मुझे, दिखाया कि दोस्तों के साथ घूमना सबसे अच्छी चीज है और यकीन मानिए मैं इस आदमी पर एक किताब लिख सकती हूं!मैं वो औरत बन गई हूं, जिसका मैंने हमेशा सपना देखा था, क्योंकि तुमने उसे वो बनाया जो वो आज है।मैं सच में धन्य हूं। एक्ट्रेस ने आगे लिखा, विज्जू, तुम्हारे लिए मेरी भावनाओं को बताने

**उदयपुर।** उदयपुर में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा शादी के बंधन में बंध गए। शादी की तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस के साथ कई बॉलीवुड और साउथ सितारों ने दोनों को शुभकामनाएं दीं। एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कपल की फोटो शेयर कर शुभकामनाएं दीं। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "आप दोनों को बधाई। आने वाले साल खुशियों और प्यार से भरे हों।" साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश ने लिखा, "आप दोनों को शादी की बधाई। जिंदगी भर प्यार और खुशियां मिलें।" पुलकित सम्राट ने तस्वीर शेयर कर लिखा, "आप दोनों खूबसूरत लोगों को शादी की बधाई।" उदयपुर के होटल मेंमेटोस एकाया में शादी की रस्मों के लिए गुलाब, आर्किड, ट्यूलिप फूलों से सजावट की गई। कच्चे केले और उसके बड़े पत्तों से मंडप को सजाया गया है। आज सुबह 8 बजे से ही रस्में होना शुरू हो गई थी। शादी के बाद दूल्हे के परिवार के लोग होटल के बाहर आए और मिठाई बांटकर गए। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। रश्मिका रणवीर कपूर के अपोजिट फिल्म एनीमल में मेन लीड थी। वहीं विजय ने बॉलीवुड की 'लाइगर' नाम की फिल्म में काम किया है। दुल्हन रश्मिका को सोशल मीडिया पर 'नेशनल क्रश' भी कहा जाता है। शादी में इवनिंग डीजे नाइट होगी। इसके लिए डीजे गणेश (गणेश रंगनाथन) आज उदयपुर पहुंच गए हैं। गणेश ने ईशा अंबानी, शाहरुख खान समेत कई हाई-प्रोफाइल परिवारों की पार्टी में गाने बजाए हैं। शादी को दोनों स्टार्स की तरफ से काफी निजी रखा गया। दोनों के परिवार, रिश्तेदार और केवल खास दोस्तों को मिलाकर करीब 200 मेहमान ही शादी में शामिल हुए। मेहमानों के लिए खाने में साउथ इंडियन और पंजाबी खाने के साथ ही जापानी डिशेज बनाई गई।

"वहीं विजय देवरकोंडा ने लिखा, उसे इस तरह मिस किया कि अगर वह आस-पास होती तो मेरा दिन बेहतर होता। अगर वह मेरे सामने बैठी होती तो मेरा खाना ज्यादा हेल्दी लगता। अगर वह मेरे साथ वर्कआउट करती तो मेरा वर्कआउट ज्यादा मजेदार और कम सजा वाला होता। जैसे मुझे उसकी जरूरत थी- बस घर जैसा और शांति महसूस करने के लिए, चाहे मैं कहीं भी रहूं।

### कल्याणी ने शादी को दोस्ती पर आधारित बताया

एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने रश्मिका और विजय की शादी पर खास पोस्ट शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शादी की तस्वीर लगाते हुए लिखा कि आज उन्होंने एक दयालु लड़की को अपने सबसे अच्छे दोस्त से शादी करते देखा। उन्होंने बताया कि जब रश्मिका उनकी ओर बढ़ रही थीं और विजय पीछे मुड़कर इंतजार कर रहे थे, तब हर कदम में भावनाएं साफ नजर आ रही थीं।



"कृति सेनन ने भी तस्वीर पोस्ट कर लिखा कि फोटो में प्यार और खुशी साफ नजर आ रही है। उन्होंने दोनों के लिए खूबसूरत यादों और साथ भरी जिंदगी की कामना की। कृति ने रश्मिका के लिए लिखा कि उनकी मुस्कान और आंखों के आंसू ने उन्हें भावुक कर दिया। बता दें कि कृति और रश्मिका जल्द फिल्म 'कॉकटेल 2' में साथ नजर आएंगी। कल्याणी ने लिखा कि उनकी धीमी सांसें और आंखों में आए आंसू सब कुछ बयां कर रहे थे।



■ रश्मिका मंदाना और साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा शादी के दौरान रस्में निभाते हुए।

### पाक ने फिर एयरस्ट्राइक की, तालिबान बोला- इस्लामाबाद में मिलिट्री ठिकाने को निशाना बनाया

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान में जंग के हालात

## दावा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग के हालात बन गए हैं। PAK एयरफोर्स ने एक बार फिर अफगानिस्तान में कई प्रांतों में एयर-स्ट्राइक की है। दूसरी तरफ तालिबान ने भी इस्लामाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम मिलिट्री बेस को निशाना बनाने का दावा किया है। संघर्ष की शुरुआत गुरुवार देर रात पाकिस्तान पर अफगानिस्तान के हमले से हुई। यह हमला 22 फरवरी को अफगानिस्तान में पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में किया गया। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने इस हमले में 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराने का दावा किया। इस हमले के जवाब में PAK सरकार ने ऑपरेशन 'गजब लिल हक' शुरू किया और काबुल, नंगरहार, पक्तिका, पक्तिया, लगमान, खोस्त प्रांत समेत कई शहरों में एयरस्ट्राइक की। इस एयरस्ट्राइक में पाकिस्तान ने 133 अफगान लड़ाकों को मारने का दावा किया। दोनों के बीच संघर्ष में करीब 200 लोगों के मारे जाने की खबर है। दावे के मुताबिक जिन जगहों को निशाना बनाया गया, उनमें जमरूद का सैन्य बेस, नौशेरा का किला, स्वाबी का एक पुलिस स्टेशन और इस्लामाबाद के पास एक न्यूक्लियर एनर्जी सेंटर शामिल हैं।



### काबुल पर पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक का वीडियो

पाकिस्तानी सूचना मंत्री ने यह वीडियो X पर पोस्ट किया है। वीडियो में पाकिस्तानी एयरफोर्स की अफगानिस्तान के काबुल, कंधार और पक्तिका प्रांत में स्ट्राइक के फुटेज हैं। अफगानिस्तान-पाकिस्तान संघर्ष से जुड़े अपडेट्स के लिए नीचे ब्लॉग से गुजर जाइए



### पाकिस्तान और तालिबान की सैन्य ताकत में बड़ा अंतर

पाकिस्तान की सेना दुनिया की ताकतवर सेनाओं में गिनी जाती है और उसके पास परमाणु हथियार भी हैं। ग्लोबल रैंकिंग में पाकिस्तान की सेना अक्सर टॉप 15 देशों में शामिल रहती है। वहीं दूसरी तरफ, अफगान तालिबान के पास उतने आधुनिक और भारी हथियार नहीं हैं। उनके ज्यादातर हथियार तीन जगहों से आए हैं

### दावा- तालिबानी लड़ाकों ने पाकिस्तानी जेट गिराया

अफगान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबानी लड़ाकों ने एक पाकिस्तानी जेट भी मार गिराया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उसके पास हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वॉर्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया गया है। PAK रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारे सब्र की सीमा पार हो चुकी है, अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है।

### कराची हाई अलर्ट पर, पूरे शहर में पुलिस की गश्त जारी

पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस ने पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है। एडिशनल IG एजाज खान ने आदेश दिया है कि एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, सरकारी दफ्तर और अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। मस्जिदों, मदरसों और इमामबाड़ों जैसे संवेदनशील इलाकों में भी खुफिया नजर रखी जाएगी। पुलिस गश्त बढ़ाई गई है और अलग-अलग जगहों पर चेकिंग की जा रही है।



## फास्ट न्यूज

### वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के प्रेसिडेंट बोर्गे ब्रेंडे का इस्तीफा

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) के प्रेसिडेंट और CEO बोर्गे ब्रेंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका यह फैसला उस वक्त आया है, जब कुछ हफ्ते पहले ही जिनेवा की इस संस्था ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ उनके रिश्तों की जांच शुरू की थी। ब्रेंडे 2017 से WEF का नेतृत्व कर रहे थे। फिलहाल स्विट्जरलैंड स्थित इस संस्था ने उनके इस्तीफे की पुष्टि करते हुए एलोइस ज्विंगी को अंतरिम जिम्मेदारी सौंपी है।

### तीसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.8% रही

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में GDP ग्रोथ 7.8% रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 27 फरवरी को ये आंकड़े जारी किए। इस बार GDP की गणना बेस ईयर 2011-12 के बजाय 2022-23 के आधार पर की गई है। इस नई सीरीज के हिसाब से तिमाही में रियल जीडीपी 84.54 लाख करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल इसी तिमाही में 78.41 लाख करोड़ रुपए थी। सरकार ने पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए GDP ग्रोथ का अनुमान भी बढ़ाकर 7.6% कर दिया है।

### रियल-टाइम सर्च पावर के साथ आया नैनो बनाना 2

नई दिल्ली। गूगल ने अपना अब तक का सबसे तेज और एडवांस AI इमेज जनरेशन मॉडल नैनो बनाना 2 लॉन्च कर दिया है। CEO सुंदर पिचाई ने इसे गूगल का 'बेस्ट इमेज मॉडल' बताया है। यह नया टूल कल्पना को हाई-क्वालिटी तस्वीर में बदल सकता है। गूगल सर्च की मदद से रियल-टाइम जानकारी का इस्तेमाल कर सटीक और असली दिखने वाली इमेज भी तैयार करता है।

## 90 के दशक जैसी आईटी क्रांति दोहराएगा भारत

### एनएसई चीफ बोले- एआई में दुनिया का सबसे बड़ा सर्विस हब बनेगा देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी NSE के चीफ आशीष कुमार चौहान का कहना है कि भारत अब AI की दुनिया में एक बड़ी ताकत बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। उनका मानना है कि जैसे 90 के दशक में भारत ने दुनिया भर में अपनी आईटी सर्विस की पहचान बनाई थी, ठीक वैसे ही अब भारत दुनिया में AI का सबसे बड़ा यूजर और सर्विस सेंटर बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि भारत के पास युवाओं की एक ऐसी आबादी है जो तकनीक को बहुत जल्दी अपनाती है और यही लोग भारत को AI के क्षेत्र में दुनिया का लीडर बनाएंगे। चौहान ने यह बात 27 फरवरी को मुंबई में आयोजित 'IMC भारत कॉलिंग कॉन्फ्रेंस 2026' के दौरान कही। आशीष चौहान ने यह भी बताया कि भारत अब सिर्फ सॉफ्टवेयर ही नहीं, बल्कि एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, रोबोटिक्स, बायोटेक और सेमीकंडक्टर्स जैसे नए क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनका कहना है कि जब AI और ये सभी क्षेत्र आपस में जुड़ेंगे, तो एक ऐसा सिस्टम तैयार होगा जो दुनिया भर के देशों का मुकाबला कर सकेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर सरकार का साथ मिले और युवाओं को सही ट्रेनिंगदी जाए, तो भारत पूरी दुनिया के लिए AI सर्विसेज का हब बन सकता है। जैसे आईटी सेक्टर ने देश को लाखों नौकरियां और अरबों डॉलर की कमाई दी थी।

### चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा-तनाव कम करना दोनों देशों और पूरे क्षेत्र के हित में

## चीन की अपील: पाकिस्तान और अफगानिस्तान तुरंत करें युद्धविराम

**बीजिंग, एजेंसी**

दक्षिण एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच चीन ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान से तत्काल युद्धविराम करने की अपील की है। चीन ने दोनों देशों के बीच बढ़ते टकराव और हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संयम और संवाद का रास्ता अपनाने पर जोर दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को नियमित मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन इस पूरे घटनाक्रम पर करीब से नजर रखे हुए है और स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। दरअसल, पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी संगठन जैसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी द्वारा किया जा रहा है, जो पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देते हैं। वहीं, अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई और आक्रामक रुख से स्थिति और बिगड़ रही है। चीन लंबे समय से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ त्रिपक्षीय सहयोग तंत्र के माध्यम से जुड़ा हुआ है। इस व्यवस्था के तहत समय-समय पर बैठकों का आयोजन किया जाता है।



> माओ निंग ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान न केवल आपस में करीबी पड़ोसी हैं, बल्कि दोनों ही चीन के भी मित्र और पड़ोसी देश हैं। उन्होंने इस टकराव में हुई जान-माल की हानि पर दुख व्यक्त किया और कहा कि चीन हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक प्रयासों का समर्थन करता है। उन्होंने दोनों देशों से अपील की कि वे शांति और संयम का परिचय दें और आपसी मतभेदों को बातचीत के माध्यम से सुलझाएं। चीन का मानना है कि हालात को और बिगड़ने से रोकने के लिए तत्काल युद्धविराम जरूरी है।

### क्षेत्रीय शांति और स्थिरता पर दिया जोर

चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, तनाव कम करना न केवल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हित में है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। माओ निंग ने कहा कि चीन इस मामले में सकारात्मक भूमिका निभाने और दोनों देशों के बीच संवाद को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी बताया कि चीन अपने नागरिकों और कंपनियों की सुरक्षा को लेकर सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। जरूरत पड़ने पर चीन अपने नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान करेगा।

## ईरान में प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई

### अस्पतालों में घुसकर सुरक्षाबलों ने रोका इलाज, डॉक्टरों का बड़ा आरोप

**बेरूत, एजेंसी**



पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर कार्रवाई के दौरान जब बड़ी संख्या में घायल प्रदर्शनकारी ईरान के एक अस्पताल में लाए गए, तो एक युवा डॉक्टर आपात कक्ष की ओर दौड़ा। वह करीब 40 साल के एक व्यक्ति का इलाज करना चाहता था। उस व्यक्ति के सिर में बहुत नजदीक से गोली मारी गई थी। डॉक्टर और अन्य कर्मियों ने उसे बचाने की कोशिश की। तभी सादे कपड़ों में हथियारबंद सुरक्षाकर्मी वहां आ गए। उन्होंने डॉक्टरों को रोक दिया। कुछ को अपनी बंदूकों से धक्का दिया। उस डॉक्टर ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को यह बात बताई। उत्तरी शहर रश्त के डॉक्टर ने कहा, उन्होंने मुझे घेर लिया। हमें आगे बढ़ने नहीं दिया। कुछ ही मिनट बाद उस व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षाकर्मियों ने उसका शव काले बैग में रखा। फिर अन्य शवों के साथ उसे एक वैन में डालकर ले गए। यह कोई अकेली घटना नहीं थी। जनवरी की शुरुआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ। ईरानी सुरक्षाबलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये प्रदर्शन 47 साल पुराने इस्लामी गणराज्य के खिलाफ थे। हजारों लोग घायल हुए। सादे कपड़ों में एजेंट अस्पतालों में फैल गए। वे इलाज पर नजर रखते थे। कई बार इलाज रोकते थे। कर्मचारियों को डराते थे। प्रदर्शनकारियों को पकड़ लेते थे। शवों को बैग में डालकर ले जाते थे।दर्जनों डॉक्टरों को गिरफ्तार किया गया। यह रिपोर्ट एसोसिएटेड प्रेस की जांच पर आधारित है। ईरान के तीन डॉक्टरों से बात की गई। विदेश में रह रहे छह ईरानी चिकित्सा विशेषज्ञों से भी बात हुई। ये लोग देश के अंदर के डॉक्टरों से संपर्क में हैं। मानवाधिकार समूहों की रिपोर्ट देखी गई।

### सरकार का क्या पक्ष है?

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने डॉक्टरों के आरोपों पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। जनवरी 8 और 9 को कार्रवाई अपने चरम पर थी। 1979 में इस्लामी गणराज्य के सत्ता में आने के बाद यह सबसे दमनकारी कार्रवाई थी। इंटरनेट प्रतिबंधों के कारण पूरी जानकारी सामने आने में देरी हुई।

### विरोध प्रदर्शनों के दौरान कितने लोगों की मौत हुई?

ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने कहा कि उसने सात हजार से ज्यादा मौतों की पुष्टि की है। हजारों मामलों की जांच जारी है। सरकार ने 3,000 से ज्यादा लोगों की मौत होने की बात मानी है। लेकिन पहले भी मौतों की संख्या कम बताने के आरोप लगे हैं।

> सरकार ने कहा कि ये प्रदर्शन विदेश समर्थित हथियारबंद आतंकियों की वजह से थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केरमनपुर ने इलाज रोके जाने की खबरों को गलत बताया। उन्होंने कहा, यह 'सच नहीं' है और असंभव है।

## बांग्लादेश सरकार ने डिफाल्टर को सेंट्रल बैंक गवर्नर बनाया

### विपक्ष बोला- ये बर्दाश्त नहीं कर सकते, देश में भीड़तंत्र चल रहा

**ढाका, एजेंसी**




बांग्लादेश में सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि तारिक रहमान की सरकार ने एक डिफाल्टर को कारोबारी को सेंट्रल बैंक गवर्नर बना दिया है, जो देश में भीड़तंत्र की शुरुआत जैसा है। बांग्लादेश बैंक के नए गवर्नर के रूप में मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति के बाद राजनीतिक घमासान तेज हो गया। जमात ए इस्लामी के प्रमुख और विपक्ष के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि यह फैसला पीएम की शह पर लिया गया है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले सरकार ने अहसान हबीब मंसूर का कार्यकाल अचानक खत्म कर दिया था, जिन्हें मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने नियुक्त किया था। मंसूर ने कहा कि उन्होंने न इस्तीफा दिया और न ही उन्हें हटाए जाने की कोई आधिकारिक सूचना मिली। उन्हें यह खबर मीडिया के जरिए पता चली। मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति इसलिए अलग मानी जा रही है क्योंकि अब तक बांग्लादेश में केंद्रीय बैंक का गवर्नर आमतौर पर अनुभवी बैंकर, अर्थशास्त्री या वरिष्ठ सिविल सेवक होते रहे हैं। मोस्ताकुर एक कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट और गारमेंट कारोबारी हैं। वे हेरा स्वेटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और हालिया चुनाव में तारिक रहमान की BNP पार्टी की केंद्रीय चुनाव संचालन समिति से भी जुड़े रहे थे। उनकी नियुक्ति को लेकर कर्ज चुकाने से जुड़े पुराने मामलों पर भी सवाल उठ रहे हैं। बीडी न्यूज24 की रिपोर्ट में कहा गया कि उनकी कंपनी 86 करोड़ टका का कर्ज समय पर नहीं चुका पाई थी। एक बैंक अधिकारी ने कहा कि जो इंसान अपनी ही कंपनी के लिए स्पेशल कंडीशन पर कर्ज का पुनर्गठन कराता है, वह देश के बैंकिंग सिस्टम के हितों की रक्षा कैसे करेगा। मोस्ताकुर की नियुक्ति के बाद विपक्षी नेता शफीकुर रहमान ने फेसबुक पर लिखा कि बांग्लादेश बैंक में जो हो रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण और पूरी तरह अस्वीकार्य है।

### तेजी : इस साल कीमत में ₹26 हजार का इजाफा, चांदी ₹7,233 महंगी होकर ₹2.61 लाख/किलो हुई

# सोना ₹1,065 बढ़कर ₹1.59 लाख पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोना-चांदी के दाम में आज 27 फरवरी को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,065 रुपए बढ़कर 1.59 लाख पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी 7,233 रुपए बढ़कर 2.61 लाख पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 25,892 रुपए और चांदी 37,480 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40%) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।



### सोने-चांदी के दाम बढ़ने के 4 मुख्य कारण

- **MCX-NSE की राहत:** आज से गोल्ड-सिल्वर फ्यूचर्स पर एक्स्ट्रा मार्जिन हटा दिया गया है। ट्रेडिंग सस्ती होने से निवेशकों की खरीदारी बढ़ गई है।
- **दुनिया में टेंशन:** मिडिल ईस्ट में अमेरिका-ईरान झगड़ा और रूस-यूक्रेन वार्ता फेल होने से असुरक्षा का माहौल है। लोग गोल्ड में पैसा लगा रहे हैं।
- **फेड रेट कट की उम्मीद:** अमेरिकी फेड से इस साल ब्याज दरें घटाने के संकेत दिए हैं। दरें कम होने पर गोल्ड जैसी चीजों की डिमांड बढ़ जाती है।
- **सस्ते में खरीदारी:** पिछले दिनों दोनों मेटल्स में बड़ी गिरावट के बाद दाम आकर्षक हो गए। निवेशक और ज्वेलर्स ने सस्ते में खरीदना शुरू कर दिया।

### 1.80 लाख तक जा सकता है सोना

इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी UBS के अनुसार सोने की मांग में तेजी बनी हुई है। 2025 में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 863 टन सोना खरीदा था। अब अनुमान है कि 2026 में यह खरीदारी बढ़कर 950 टन तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही, गोल्ड ईटीएफ (ETF) में निवेश भी बढ़कर 825 टन होने की उम्मीद है। UBS को पूरा भरोसा है कि 2026 में सोने की कीमतें और ऊपर जाएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, साल के बीच तक सोना 6,200 डॉलर प्रति औंस के ऊंचे स्तर को छू सकता है। अगर रुपए के हिसाब से बात करें तो सोने का भाव 1.80 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

## सेंसेक्स 961 अंक गिरकर 81,287 पर बंद

### निफ्टी में 318 अंक टूटा, 25179 पर आया

**मुंबई, एजेंसी**

सेंसेक्स आज यानी, शुक्रवार 27 फरवरी को 961 अंक (1.17%) की गिरावट के साथ 81,287 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 318 अंकों की गिरावट रही। ये 25,179 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में रियल्टी और ऑटो शेयरों में बिकवाली का दबाव दिखा। दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष ने बाजार में अनिश्चितता पैदा कर दी है। तालिबान के जवाबी हमलों के बाद दोनों देशों में तनाव चरम पर है। चीन ने भी इस पर चिंता जताई है और मामले को शांत करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश की है। इस तनाव की वजह से निवेशकों का भरोसा डगमगाया है। ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत बिगड़ने का डर बाजार को सता रहा है। अगर यह तनाव बढ़ा, तो कच्चे तेल की कीमतें और उछल सकती हैं। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 71 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। तेल महंगा होने से भारत जैसे देशों में महंगाई बढ़ने का खतरा है, जिसका असर शेयर बाजार पर दिख रहा है। इस दौरान DIIs ने 69,220 करोड़ के शेयर खरीदे थे। शेयर बाजार में कल यानी, 26 फरवरी को फ्लैट कारोबार रहा। सेंसेक्स 27 अंक गिरकर 82,249 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 14 अंकों की गिरावट रही। ये 25,497 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में फार्मा और सरकारी बैंक के शेयरों में तेजी रही है।




**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96